

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 290 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 14 अगस्त 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -7 पर स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के आयोजन का अंतिम रिहर्सल

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती,इन पंक्तियों को .... पेज -8 पर


# भरोसा का सम्मेलन इसलिए क्योंकि मुख्यमंत्री की सरकार ने वादा पूरा करके दिखाया: खड़गे

### विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी हमने जनता से किया अपना हर वादा निभाया: सीएम

रायपुर। राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के खोखरा में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां भरोसा का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि जो भरोसा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने आपको दिया था उसे पूरा करके दिखाया।



छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है। आज यहां का प्रत्येक नागरिक संतुष्ट है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 'भरोसे के सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि जांजगीर-चांपा में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नामकरण प्रथम महिला सांसद मिनीमाता के नाम पर होगा। उनका निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा रहा है। यहां 25 एकड़ में मेडिकल कॉलेज बनेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में अपने उद्बोधन में कहा कि विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी हमने जनता से किया अपना वादा निभाया। हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है। कर्जमाफी, धान खरीदी का वादा हमने निभाया। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की अगली किश्त किसानों के खातों में आएगी।

### भरोसे का सम्मेलन भरोसे का सम्मेलन

मुख्य मंच पर श्री खड़गे का गजमाला सहित जांजगीर-चांपा की प्रसिद्ध कोसा शाल और खुमरी पहनाकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, राज्य के उपमुख्यमंत्री श्री टी. एस. सिंहदेव, सांसद श्री दीपक बैज सहित अतिथियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिकगण उपस्थित थे। इसके पहले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के एयरपोर्ट में श्री खड़गे की अगवानी की और हेलीकॉप्टर में उन्हें लेकर जांजगीर पहुंचे। खोखरा पहुंचने पर मुख्य अतिथि श्री खड़गे और अध्यक्ष मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सहित विशिष्ट अतिथियों का कर्मा नृत्य और झांझ मंजीरे के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री मल्लिकार्जुन खड़गे ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद से हमारी सरकार ने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया।





**जांजगीर में आयोजित 'भरोसे के सम्मेलन' में उमड़ा जनसैलाब**

**467.33 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास**

## समाचार शीर्ष

### रिटायर्ड आईएफएस एस एस डी बड़गैया ने भाजपा का हांथ थामा



रायपुर। भाजपा में फिर बड़ा चेहरे प्रवेश किया है। विधायक धरमजीत सिंह, रिटायर्ड आईएफएस एस एस डी बड़गैयया, धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी ने आज भाजपा में शामिल हुए हैं। वन विभाग के रिटायर्ड अधिकारी एस डी बड़गैयया डॉक्टर रमन सिंह के करीबी जाने जाते हैं और सारंगढ़ के राजा पुत्र हैं। सारंगढ़ विधानसभा में उनकी अच्छी पकड़ है। आज कुशाभाऊ ठाकरे भाजपा कार्यालय में पहुंच कर भाजपा पार्टी का हांथ थाम लिया है। जब रिटायर्ड आईएफएस एस एस डी बड़गैयया अपना नौकरी के कार्यकाल में सिद्धांत वादी थे। गड़बड़ी की शिकायत मिलते ही एक्शन मोड पर कार्यवाही करने के लिए पीछे नहीं हटते थे।

'भरोसे का सम्मेलन' में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा एलान

## मिनीमाता के नाम से होगा जांजगीर का मेडिकल कॉलेज





जांजगीर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में जांजगीर में आयोजित 'भरोसे के सम्मेलन' में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जांजगीर में खुलने वाले मेडिकल कॉलेज के नाम मिनी माता के नाम पर होने की घोषणा की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे पर छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन कराने के लिए धन्यवाद दिया। भरोसे के सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि पहले प्रदेश में भ्रष्टाचार की सरकार थी. आंख मे दवा डालने से आंख फुट जाती थी. गर्भाशय ख़राब हो जाते थे, किसानों की धान बेचने के लिए बारदाना नहीं मिलता था. भाजपा वाले झूठ बोलते हैं, डबल इंजन की सरकार थी. उन्होंने कहा कि मोदी और रमन सिंह ने धान की कीमत केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने का झूठ बोलते हैं. लबरा की सरकार थी, हमारी सरकार बनने के बाद राहुल गांधी के किए गए वायदे की सबसे पहले पूरा किया. हमारी सरकार किसानों को चार किस्त में राजीव न्याय योजना की राशि देती है. बीजेपी ने चावल में कमीशन खाया, शौचालय का कमीशन खाया. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जनता को अधिकार संपन्न बनाने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सतनामी समाज के आस्था के प्रतीक जैतखाम बनाने का काम गांव-गांव में शुरू होगा. सभी समाज के लिए सरकार ने भवन बनाने के जमीन और राशि दी. भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 साल में 15 सीट में सिमट गई है. ईडी-आईटी का सहारा ले रहे हैं. ईडी-आईटी हमारे लोगों को परेशान कर सकती है, लेकिन वोट नहीं दिला सकती. हमारी जनता कांग्रेस को जीत दिलाएगी। भूपेश बघेल ने कहा कि खड़गे जी रेल मंत्री भी रह चुके हैं. यहां जितनी भी ट्रेन सेवा थी, सब बंद हो गई, बहुत तकलीफ है. लेकिन डर भी लगता है कि जितने हवाईअड्डे थे, रंग-रोगन होने के बाद सब बिक गए. अब स्टेशनों की रंग-रोगन देखते हुए डर लगता है कि कहीं यह भी बचेगा की नहीं, इन्हें भी तो नहीं बेच दिया जाएगा. मल्लिकार्जुन खड़गे को छत्तीसगढ़ कांग्रेस पर भरोसा रखने के लिए धन्यवाद देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राष्ट्रीय अधिवेशन बड़े-बड़े प्रदेशों में हुआ करते थे. खड़गे जी अध्यक्ष बने और छत्तीसगढ़ जैसे छोटे प्रदेश में तीन दिन राष्ट्रीय अधिवेशन कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हर वर्ग के किसान, मजदूर, महिला, गरीब, नौजवान, व्यापारी सबका भरोसा कायम रखा है, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका नगर सैनिक, पुलिस, ओपीएस हमने लागू किया, 27 प्रतिशत डीए बढ़ाया. पंच, सरपंच, पार्षद, सबका मानदेय बढ़ाया, कोई वर्ग ऐसा नहीं था, जिसे छोड़ा हो. किसान, मजदूर हमेशा सरकार साथ खड़ी रहे हैं।

प्रियंका वाड्रा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

## इस धारा के तहत चलेगा मामला,ये है अधिकतम सजा



भोपाल। मध्य प्रदेश में आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई है। मध्य प्रदेश में अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों से 50 प्रतिशत कमीशन मांगने का एक पत्र इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस नेताओं ने इस मामले में ट्वीट किया था। जिसके बाद भाजपा की शिकायत पर भोपाल और इंदौर में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश, अरुण यादव, कांग्रेस नेत्री शोभा ओझा और पत्र जारी करने वाले ज्ञानेंद्र अवस्थी के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में एफआइआर दर्ज की है। आपको इस लेख में बताते हैं कि इस मामले में कौन सी धाराओं में केस दर्ज किया गया है और उसके तहत कितने साल की सजा का प्रावधान है।

इन धाराओं में दर्ज हुआ केस

भोपाल क्राइम ब्रांच ने आइपीसी की धारा 469, 500, 501 के तहत मामला दर्ज किया है। इंदौर की संयोगितागंज थाना पुलिस ने धारा 420 और 469 के तहत धोखाधड़ी का केस दर्ज कर किया है। कितनी सजा का है प्रावधान धारा 420 इस धारा के तहत अधिकतम सात साल की सजा के साथ अर्थ दंड का प्रावधान है। धारा 469 इस धारा में तीन साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। धारा 500 दो साल की सजा अथवा जुर्माना या दोनों का भी प्रावधान है। धारा 501 दो साल की सजा अथवा जुर्माना या दोनों का भी प्रावधान है।

### धारा 420 में किया गया बदलाव

गौरतलब है कि प्रियंका गाँधी वाड्रा और अन्य नेताओं के खिलाफ धारा 420 के तहत भी प्रकरण दर्ज किया गया है। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा रखे गए बिल के अनुसार कानून की धाराओं में बदलाव किया गया है। जिसमें धारा 420 भी शामिल है। आगे धारा 420 के स्थान पर धारा 316 का इस्तेमाल किया जाएगा।

दरअसल, इंटरनेट मीडिया पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के नाम लिखा गया एक पत्र वायरल हुआ था। जो कि लघु एवं मध्यम श्रेणी संविदाकार संघ के नाम से लिखा गया। पत्र में फरियादी का नाम ज्ञानेंद्र अवस्थी दर्ज था।

जेनेरिक दवाएं लिखना जरूरी

## नहीं लिखने वाले डॉक्टरों पर होगी कार्रवाई, लाइसेंस भी हो सकता है रद्द



नई दिल्ली। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने जेनेरिक दवाओं को लेकर नए नियम जारी किये हैं. इसमें कहा गया कि सभी डॉक्टर जेनेरिक दवाएं ही लिखें और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है. NMC के अनुसार, दंडात्मक कार्रवाई के तहत एक तय समय तक लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है. आयोग ने रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर्स के प्रोफेशनल कंडक्ट से संबंधित नियम में डॉक्टर्स से ब्रांडेड जेनेरिक दवाएं लिखने से बचने के लिए भी कहा है।

भारतीय चिकित्सा परिषद की ओर से 2002 में जारी किए गए नियमों के तहत मौजूदा समय में भी डॉक्टर्स के लिए जेनेरिक दवाएं लिखना जरूरी है.

## हॉस्पिटल में 17 मरीजों की मौत: सरकारी अस्पताल में हाहाकार, एक सप्ताह में 22 मरीजों की जा चुकी जान




मुंबई। मुंबई के ठाणे स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में एक ही रात में 17 मरीजों की मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है. इससे पहले 10 अगस्त को इसी अस्पताल में 5 मरीजों की मौत हुई थी. इसके बाद इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था. अब 17 मरीजों की मौत पर महाराष्ट्र की राजनीति गरमा सकती है, क्योंकि एक हफ्ते के दौरान कथित तौर पर 22 मरीजों की जान चली गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, ठाणे नगर निगम के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में एक ही रात में 17 मरीजों की मौत से परिजन सदमे में हैं. अस्पताल प्रशासन पर घोर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं. बताया जा रहा है कि जान गंवाने वालों में 12 मरीज आईसीयू में भर्ती थे, जबकि 2 मरीज जनरल वार्ड में भर्ती थे. इसके अलावा कैजुअल्टी में 2 और पीडियाट्रिक में 1 मरीज भर्ती किया गया.

### 10 अगस्त को 5 मरीजों की मौत हुई

यह भी पता चला है कि इन सभी 17 मरीजों की मौत शनिवार रात 10.30 बजे से रविवार सुबह 8.30 बजे के बीच हुई. इससे पहले 10 अगस्त की रात भी इसी अस्पताल में 5 मरीजों की मौत हुई थी. बताया जा रहा है कि अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की भारी कमी है, जिसके कारण इलाज के अभाव में इन सभी की मौत हो गई।

मृतकों में एक 80 साल का

## गौरेला-पेंड्रा मरवाही में भूकंप के झटके

पीजीएम। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए. झटके से अफरातफरी मच गई. साथ ही लोग घर छोड़कर सड़कों पर आ गए. हालांकि अभी इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि भूकंप का केंद्र कहां और तिव्रता कितनी थी। वहीं, भूकंप के झटके महसूस किए जाने के बाद लोग घरों से बाहर निकल गए। मिली जानकारी के अनुसार गौरेला पेंड्रा मरवाही के कई इलाकों में सुबह 9:09 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसके अफरातफरी मच गई। हालांकि अभी इस घटना से किसी के हताहत होने से नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

स्वतंत्रता दिवस से पहले नक्सलियों का उत्पात,

## बीजापुर में दर्जनभर सड़कें काटी, फेंके पर्चे



बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 15 अगस्त के पहले नक्सलियों ने उत्पात मचाया। नक्सलियों ने भैरमगढ़ ब्लाक के गांव केतुलनार (कुटरू) से दरभा को जोड़ने वाली सड़क को दर्जन भर से ज्यादा स्थानों पर काटकर मार्ग अवरुद्ध किया है।

जानकारी अनुसार बीजापुर की जिला निर्माण समिति के द्वारा इस सड़क को बनाया गया है। केतुलनार से दरभा तक कुछ स्थानों पर सड़क मरम्मत होने की खबर मिली है, इससे नाराज नक्सलियों ने सड़क में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे खोद डाली जिससे आवागमन बंद हो गया है। नक्सलियों ने क्षेत्र से खनिज परिवहन का विरोध भी किया है। कुटरू मार्ग पर ग्राम केतुलनार से दरभा गांव को जोड़ने वाली सड़क

## विधायक धर्मजीत सिंह भाजपा में हुए शामिल

केंद्रीय मंत्री मांडविया ने दिलाई पार्टी की सदस्यता



रायपुर। विधायक धर्मजीत सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए. केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने धर्मजीत सिंह को पार्टी की सदस्यता दिलाई. धर्मजीत सिंह के साथ रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी एसडी बड़गैया और लोरमी नगर पंचायत के सभापति नरेंद्र गोस्वामी भी भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा में प्रवेश का सिलसिला चल रहा है. बड़े नेता, अधिकारी भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं. यह छत्तीसगढ़ में परिवर्तन के संकेत है. मैं भाजपा प्रवेश करने वाले विधायक धर्मजीत सिंह और पूर्व आईएफएस अधिकारी बड़गैया का स्वागत करता हूं. भाजपा के प्रति सबका विश्वास बढ़ रहा है. धर्मजीत सिंह के आने से भाजपा मजबूत होगी. मैं सभी को बहुत बधाई देता हूं।

### छत्तीसगढ़ में पड़ेगा व्यापक असर

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भाजपा में हम सबके लिए गौरव का क्षण है. धर्मजीत सिंह भाजपा में शामिल हुए. मैं उनका हार्दिक स्वागत करता हूं. भाजपा में छत्तीसगढ़ के दो महत्वपूर्ण हस्ती आज भाजपा में शामिल हुए हैं. छत्तीसगढ़ में इसका व्यापक असर दिखेगा. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं. ये प्रवेश इस बात का संकेत है कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर है. कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रहने के बाद उस पार्टी को छोड़कर आये तो यह साफ है कि कांग्रेस से सबका मोह भंग है. धर्मजीत सिंह सही समय, सही पार्टी में आये हैं।

## जांजगीर में 'भरोसे का सम्मेलन'

## डिप्टी सीएम सिंहदेव ने कहा - भूपेश सरकार ने वादे पूरा कर जनता का जीता भरोसा, कुमारी सैलजा ने दिया नारा - भरोसा बरकरार, इस बार फिर से कांग्रेस सरकार

जांजगीर चांपा। कांग्रेस ने आज जांजगीर में भरोसे का सम्मेलन आयोजित किया है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा समेत कई बड़े नेता पहुंचे हैं।





कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़े को शॉल, श्रीफल, नागर देकर और बांस की टोपी पहनाकर स्वागत किया. कार्यक्रम में डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा, संघर्ष के बाद कांग्रेस की सरकार बनी और सरकार ने किसान का भरोसा जीता, जनता से किए वादों को पूरा कर जनता का भरोसा जीता. हम सब मिलकर काम करेंगे और फिर कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा, हमारे चुनाव की तैयारी 5 साल पहले शुरू हो चुकी है. भूपेश सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया. आगे भी हम सब मिलकर काम करेंगे. सैलजा ने नारा दिया, भरोसा बरकरार फिर से कांग्रेस सरकार।

भरोसे का सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा, सोनिया गांधी, राहुल गांधी ने भूपेश बघेल पर भरोसा किए. जनता ने भूपेश पर भरोसा किया. भूपेश बघेल ने मंत्री मंडल, विधायकों पर भरोसा किए और आगे इस बार फिर से जीत दिलाएंगे और जनता को भरोसा दिलाने यहां आए हैं. महंत ने कहा, इस अंचल ने सदैव कांग्रेस का साथ दिया है. कांग्रेस ने भूपेश बघेल और उसके मंत्रीमंडल पर भरोसा किया. आज यही जनता का भरोसा है. 15 साल के कुशासन के बाद ये भरोसा मिला है.

### भारी बहुमत से आगे फिर कांग्रेस सरकार बनाएंगे.

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा, भरोसा शब्द कहा से आया, कांग्रेस ने 15 साल बाद भूपेश की सरकार बनाई, शपथ लेने के बाद से ही वादा निभाना शुरु किए, जिसके कारण प्रदेश की जनता से किए वादों को पूरा करना शुरु कर प्रदेश की जनता का भरोसा जीता।

कांग्रेस के भरोसे के सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बीते 15 साल के बाद ऐतिहासिक समर्थन के साथ कांग्रेस की सरकार बनी. 15 साल में भूख, गरीबी, भ्रष्टाचार प्रदेश में चरम पर था. नक्सलियों के नाम पर फर्जी एनकाउंटर, महिलाओं के साथ अत्याचार, लोगों के घर जलाए जाते थे. कांग्रेस सरकार आने के बाद आदिवासियों को उनका हक मिल रहा है. बस्तर विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है. छग में तालमेल के साथ फिर से कांग्रेस की सरकार बनाएंगे.


जोहार छत्तीसगढ़



# कांग्रेस ने अगर अंग्रेजों के आगे घुटने नहीं टेके होते तो देश का विभाजन नहीं हुआ होता

कांग्रेस पार्टी की ओर से बार-बार कहा जाता है कि देश को आजादी हमने दिलाई जबकि आजादी के आंदोलन में देश की हर गली, हर मोहल्ले और हर घर का व्यक्ति शामिल था। लेकिन कांग्रेस की शह पर इतिहासकारों ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को ऐसे लिखा कि सिर्फ नेहरू-गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी के कुछ दिग्गज नेताओं के अलावा आजादी के आंदोलन में और किसी का नाम और योगदान नजर नहीं आता।

इसलिए आजादी के आंदोलन की सफलता का श्रेय सिर्फ खुद को देने वाली कांग्रेस को यह भी तो बताना चाहिए कि देश के विभाजन का जिम्मेदार कौन था? विभाजन के समय जो कत्ले आम हुआ और मानवता को शर्मसार करने वाली जो घटनाएं हुईं उसका जिम्मेदार कौन था? यही नहीं, यह भी बताना चाहिए कि देश के विभाजन के चलते भारत के समक्ष जो समस्याएं खड़ी हुईं और जिनका खामियाजा आज भी देश भुगत रहा है उसका जिम्मेदार कौन है? आजादी के समय हुए नरसंहार के लिए तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व को ही जिम्मेदार कहा जायेगा क्योंकि उसकी अदूरदर्शिता की वजह से कई गलत निर्णय हुए थे। महात्मा गांधी धर्म के आधार पर देश के विभाजन के विरोधी थे इसलिए वह आजादी के जश्न में भी शामिल नहीं हुए थे। क्योंकि यह वह आजादी नहीं थी जिसके लिए महात्मा गांधी ने लड़ाई लड़ी थी। महात्मा गांधी ने शांति और अमन चैन वाली पूर्ण आजादी की मांग की थी लेकिन कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं की वजह से उन्हें अपने उद्देश्य में आधी-अधूरी ही कामयाबी मिली थी। आप आजादी के समय के घटनाक्रमों पर गौर करेंगे तो साफ प्रतीत होगा कि कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व की सत्ता लोलुपता ही भारत के विभाजन का असल कारण थी। कांग्रेस जानती थी कि अंग्रेजों की बांटो और राज करो की नीति है। इस बात को समझते हुए भी भारत के विभाजन के लिए राजी होना बहुत बड़ी गलती थी। विभाजन की प्रक्रिया को अंजाम देने के समय अंग्रेज सरकार का विरोध नहीं करके कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व ने बहुत अपराध किया था। देखा जाये तो कांग्रेस का तत्कालीन नेतृत्व इस बात के लिए आतुर था कि कैसे जल्दी से जल्दी



सत्ता पर कब्जा किया जाये। इसलिए भारत का विभाजन होते समय उन्हें कोई दर्द ही नहीं हुआ। दर्द तो उन लोगों ने सहा जिन्हें अपना घरबार छोड़ना पड़ा, परिजनों को खोना पड़ा और संपत्ति से हाथ धोना पड़ा।

इतिहास में यह भी उल्लेख मिलता है कि अंग्रेजों ने जहां-जहां राज किया उनमें से उन्होंने सिर्फ चार देशों- आयरलैंड,

> आजादी के समय हुए नरसंहार के लिए तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व को ही जिम्मेदार कहा जायेगा क्योंकि उसकी अदूरदर्शिता की वजह से कई गलत निर्णय हुए थे। महात्मा गांधी धर्म के आधार पर देश के विभाजन के विरोधी थे इसलिए वह आजादी के जश्न में भी शामिल नहीं हुए थे।

फिलिस्तीन, साइप्रस और भारत में ही विभाजन कराया। अंग्रेजों ने विभाजन के धार्मिक और नस्ली कारण बताये लेकिन असल कारण उनके अपने राजनीतिक और सामरिक हित थे। अंग्रेजों द्वारा कराये गये सभी विभाजनों में भारत का विभाजन ही सर्वाधिक हिंसा से प्रभावित रहा। इसलिए सवाल उठता है कि अंग्रेजों की चाल समझते हुए भी कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व द्वारा विभाजन का कोई विरोध क्यों नहीं किया गया।

देखा जाये तो भारत का विभाजन मानव इतिहास में सबसे बड़े विस्थापनों में से एक है, जिससे लगभग 20 से 25 लाख लोग प्रभावित हुए थे। लाखों परिवारों को अपने पैतृक गांवों, कस्बों और शहरों को छोड़ना पड़ा था और शरणार्थी के रूप में संघर्षमय जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

बहुत से विद्वान मानते हैं कि उस समय कांग्रेस ने सत्ता लोलुपता ना दिखाई होती और अंग्रेजों के आगे घुटने नहीं टेके होते तो ना तो देश का विभाजन होता ना ही लोगों को विस्थापित होना पड़ता। दरअसल अंग्रेजों ने कांग्रेस की किसी भी कीमत पर सत्ता पाने की आतुरता को भांप लिया था इसलिए योजनाबद्ध तरीके से स्वतंत्रता की घोषणा पहले और विभाजन की घोषणा बाद में की थी। इससे भारत और पाकिस्तान की नयी सरकारों के सर पर एकदम से शांति कायम रखने की जिम्मेदारी आ गयी थी। जाहिर तौर पर दोनों ही सरकारें शांति व्यवस्था कायम करने के लिए तैयार नहीं थीं। इस वजह से हालात बिगड़ते चले गये।

देखते-देखते दंगे भड़कते गये और जब पाकिस्तान से ट्रेनों में भरकर हिंदुओं और सिखों की लाशें आने लगीं तो यहां भी लोग उन्मादी हो गये। यही कारण रहा कि जहां एक ओर पंडित जवाहर लाल नेहरू और उनके सहयोगी सत्ता संभालने में लगे हुए थे तो दूसरी ओर विभाजन के चलते भड़के सांप्रदायिक दंगों को रोकने के लिए उस वक्त महात्मा गांधी बंगाल के नोआखली में अनशन पर बैठ गए थे और स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी शामिल नहीं हुए थे।

केएस तोमर

## संपादकीय

# अगर मकसद पूरा हो

जज भी नियमों और पारदर्शिता संबंधी अपेक्षाओं से बंधे रहें, यह जरूरी है। लेकिन इसके लिए ऐसे उपायों पर विचार किया जाना चाहिए, जिनसे यह मकसद सचमुच पूरा होता हो। संपत्ति की सूचना सार्वजनिक करना इस दिशा में सिर्फ एक उपाय है। सार्वजनिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के बारे में पारदर्शिता के जितने उपाय हों, वे अपेक्षित हैं। लेकिन साथ-साथ यह भी विचारणीय है कि जिन तरह के उपायों की बात होती है, उनका अन्य मामलों में क्या अनुभव रहा है। मसलन, एक समय यह मांग पुरजोर ढंग से उठती थी कि नेताओं की संपत्ति और उनके आपराधिक रिकॉर्ड का ब्योरा जनता के सामने आना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने अपनी पहल पर चुनाव लड़ने के समय इन दोनों मामलों में हलफनामा दायर करना अनिवार्य कर दिया। उससे अब यह सामने आता रहता है कि किस नेता के पास कितनी संपत्ति है और उसके सार्वजनिक पद पर रहने के दौरान उसमें कितनी बढ़ोतरी हुई। लेकिन क्या इससे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में सचमुच मदद मिली है? या इस प्रश्न को ऐसे भी पूछा जा सकता है कि क्या इससे वो मकसद पूरा हुआ है, जिसके लिए यह मांग उठाई जाती थी? ये सवाल जजों के बारे में भी बनें रहेंगे। ताजा संदर्भ यह है कि एक संसदीय समिति ने कहा है कि जजों की संपत्ति की घोषणा को अनिवार्य बनाने के लिए कानून लाया जाना चाहिए। अदालतों ने 2009 में जजों की संपत्ति की घोषणा का संकल्प लिया था, लेकिन बहुत कम जज इस संकल्प का पालन करते हैं। संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय संबंधी समिति ने अपनी 133वीं रिपोर्ट में न्यायपालिका से संबंधित कई मामलों पर अपने विचार सामने रखे हैं।

# पुस्तक-प्रसंगः स्वतंत्रता के भारतीय विचार, युवाओं को अवश्य पढ़नी चाहिए अमेरिकी लेखक की यह किताब

मैं 1980 के दशक की शुरुआत में जब तत्कालीन कलकत्ता में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहा था, तब मैंने अमेरिकी शोधार्थी डेनिस डाल्टन का जाति पर गांधी के विचारों के विकास पर एक शानदार निबंध पढ़ा था। वह निबंध भारत = एकता और विविधता के नाम से संपादित खंड में प्रकाशित हुआ था। उस दशक के बाद के समय में मुझे डाल्टन के कुछ अन्य जानकारीपूर्ण लेखों को पढ़ने का मौका मिला। इनमें से एक था नमक यात्रा पर निबंध और गांधी व बंगाली क्रांतिकारी एमएन रॉय की तुलना करता एक आलेख। उस वक्त मैं गांधी के बारे में काफी कुछ पढ़ रहा था। मैंने महसूस किया कि डेनिस डाल्टन का काम कई मायनों में उल्लेखनीय है। पहली बात तो यह कि डाल्टन ने गांधी के अपने लेखों और भाषणों को ध्यान से पढ़ रखा था। इसके अलावा, उन्होंने



इंडियन आइडियाज ऑफ फ्रीडम पुस्तक बेशक अमेरिकी विद्वान द्वारा लिखी गई है, लेकिन भारत को जानने और सीखने के इच्छुक युवाओं को अगर स्वतंत्रता के सही मायने समझने हैं, तो इसे जरूर पढ़ना चाहिए।

अखबार की रपटों जैसे प्राथमिक स्रोतों को भी अच्छे-से खंगाला था। दूसरे यह कि उन्होंने न केवल गांधी के अनुयायियों पर, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों और विरोधियों पर भी ध्यान दिया था।

तीसरी बात यह कि एक राजनीति विज्ञानी होने के बावजूद, उनका अपने दूसरे शैक्षिक सहयोगियों के उलट अपने विषय को लेकर एक गहरा ऐतिहासिक नजरिया रहता था। डेनिस डाल्टन ने जिंदगी भर गांधी पर जो शोध और लेखन किए थे, वे सभी उन्होंने 1993 में अपनी किताब महात्मा गांधी = नॉन वायलेंट पावर इन ऐक्शन में एकसाथ पिरो दिए। प्रकाशन के कुछ समय बाद मैंने यह किताब पढ़ी और उसके बाद कई बार मैं इसके पन्ने पलट चुका हूं। महात्मा गांधी और उनकी विरासत पर लिखी यह मेरी सबसे पसंदीदा किताबों में से है। गांधी पर डाल्टन को पढ़ने के कई साल बाद मुझे उनकी एक दूसरी पुरानी किताब के बारे में पता चला, जो उन्होंने एक नहीं, बल्कि चार विचारकों की चौकड़ी पर लिखी थी।

किताब का नाम है इंडियन आइडिया ऑफ फ्रीडम, जो 1982 में प्रकाशित हुई थी। अब चार दशक बाद इस किताब का विस्तारित संस्करण फिर से प्रकाशित हो रहा है। मूल किताब के पहले आठ अध्यायों के साथ इसमें डाल्टन का एक लंबा व्यक्तिगत संस्मरण प्रस्तावना के रूप में जोड़ा गया है। इसमें डाल्टन पूरी संवदेना के साथ भारत और भारतीय विचारकों के साथ अपने जीवन पर्यंत जुड़ाव को बयान करते हैं। इसमें तीन शानदार शख्सियतों पर आधारित तीन नए अध्याय भी जोड़े गए हैं, जो पहले संस्करण में नहीं थे। ये तीन शख्सियतें हैं, बीआर आंबेडकर, एमएन रॉय और जयप्रकाश नारायण।

इन तीन विचारकों को जोड़ने से किताब के नाम में एक छोटा-सा बदलाव अनिवार्य हो गया था। किताब का अब नाम है, इंडियन आइडियाज ऑफ फ्रीडम। डेनिस डाल्टन ने मूल रूप से जिन चार विचारकों पर ध्यान केंद्रित किया था, उनमें विवेकानंद, अरविंद, गांधी और टैगोर शामिल थे। इनमें से पहले एक आध्यात्मिक गुरु, दूसरे एक क्रांतिकारी थे, जो बाद में रहस्यवादी बन गए, तीसरे एक राजनेता व सामाजिक सुधारक और चौथे एक कवि थे। इनमें से कोई भी उस तरह से राजनीतिक-सिद्धांतकार नहीं था, जैसे कि पश्चिमी शिक्षाविद इस श्रेणी को पारिभाषित करते हैं।

कहने का आशय है कि इन विचारकों की पेशेवर और निजी राहें हॉब्स, लॉक, कांट और मिल जैसे यूरोपीय विचारकों से अलग थीं। बावजूद इसके, भारतीय राजनीतिक विचारों में विवेकानंद, अरविंद, गांधी और टैगोर का योगदान किसी से भी कम नहीं था। यह किताब इस बुनियादी विचार पर आधारित है कि स्वतंत्रता के भारतीय विचारों की जड़ें स्वदेशी परंपराओं खासकर धार्मिक विचारों में ढूंढी जा सकती हैं। डाल्टन का तर्क है कि इन सभी विचारकों ने स्वतंत्रता की अपनी तलाश को व्यक्तिगत और राजनीतिक, दोनों रूपों में देखा।

रामचंद्र गुहा

## मिला जुला

### 'प्लॉटिंग करनी है तो 30 लाख दो वरना...'

# जेल से रंगदारी मांग रहा अतीक का बेटा अली, दो मामले दर्ज



**नई दिल्ली।** माफिया अतीक अहमद के बाद अब उसका जेल में बंद बेटा अपने गुर्गों के जरिये रंगदारी मांग रहा है. ऐसे ही दो पीड़ितों ने अतीक अहमद के बेटे अली व उसके गुर्गों के खिलाफ रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है. पहला मामला 10 लाख की रंगदारी और दूसरा 30 लाख की रंगदारी मांगने का है. पुलिस ने दोनों पीड़ितों की तहरीर पर करैली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है. ये खेल जेल से ही चलाया जा रहा है. अब 24 घंटे में दो मुकदमा लिखने के बाद अतीक परिवार की मुश्किलें और बढ़ेंगी. पहला मामला 10 लाख की रंगदारी का है, जहां करेली के रहने वाले पीड़ित वाशिक जाफरी ने माफिया अतीक अहमद के नैनी जेल में बंद बेटे अली उसके गुर्गे असाद कालिया और इमरान के खिलाफ करेली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है.

### विशेष अतिथियों की लिस्ट हो रही तैयार, लगभग 1800 को आमंत्रण

# 15 अगस्त को लाल किले पर नर्स, किसान और मछुआरे होंगे पीएम मोदी के स्पेशल गेस्ट

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे। उन्होंने सुनने के लिए और इस कार्यक्रम शामिल होने के वास्ते विशेष अतिथियों की लिस्ट तैयार की जा रही है। लगभग 1800 लोगों को आमंत्रण पत्र भेजने की तैयारी है। इन विशिष्ट अतिथियों में इस साल 50 नर्से और उनके परिवार के लोग भी शामिल हैं। सरकार का मकसद समाज के हर वर्ग के लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल करना है।

दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल की वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी निधि बेला ने कहा, 'यह अच्छा है कि नर्सिंग पेशे को सम्मान दिया जा है। कोविड के बाद लोग अस्पताल को चलाने में नर्सों के महत्व के बारे में अधिक जागरूक हो गए हैं। उसके परिवार के साथ





समारोह में भाग लें।'

**सविता रानी फरीबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी के रूप में काम करती हैं। वह भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित सदस्य हैं। कोविड-19 संकट के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्सिंग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है।**

*हिंदू राव अस्पताल में सहायक नर्सिंग अधीक्षक वीरमती को भी 15 अगस्त के समारोह में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया गया है। वह कोविड-19 प्रबंधन की प्रभारी थीं। उन्होंने कहा, 卐महामारी एक कठिन दौर था। हमने अपने प्रयासों से इसे आसान बनाया।*

कभी-कभी अपने परिवार की जरूरतों को त्यागने की भी नौबत आई। मुझे खुशी है कि सरकार हमें इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करके हमारे प्रयासों को सम्मान दे रही है।

आपको बता दें कि नर्स के अलावा स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित सदस्यों में गांवों के सरपंच, शिक्षक, किसान और मछुआरे भी शामिल हैं।

### चंद्रयान-3 VS लूना-25

# एक को 40 दिन लगेंगे, दूसरा बस 10 दिन में चांद पर... दोनों में कितना अंतर?

**रूस** के लूना-25 स्पेसक्राफ्ट को चंद्रमा की दूरी तय करने में करीब 10 दिन लगेंगे। भारत का चंद्रयान-3 लगभग 40 दिन का सफर तय करके चांद तक पहुंचेगा। सिर्फ यही नहीं, दोनों मून मिशन के बीच और कई अंतर हैं।

भारत ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 लॉन्च किया। करीब महीने भर बाद, 11 अगस्त को रूस ने अपना मून मिशन लूना-25% लॉन्च किया। चंद्रयान-3 को चांद की यात्रा पूरी करने में 40 दिन लगेंगे। रूस का लूना-25 सिर्फ 10 दिनों में चांद तक का सफर तय कर लेगा। ऐसा क्यों? बहुत से लोगों के मन में यह सवाल है। जवाब यह है कि लूना-25 को एक हाई-पावर रॉकेट आगे बढ़ाता है।

वहीं, चंद्रयान-3 आगे बढ़ने के लिए चांद और धरती के गुरुत्वाकर्षण बल का प्रयोग करता है। भारत और रूस, दोनों के मिशन का मकसद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करना है। चांद की रेस में लूना-25 खरगोश की रफ्तार से बढ़ रहा है। दोनों मिशन का लक्ष्य भले ही एक हो, मगर लूना-25 और चंद्रयान-3 में काफी अंतर है। आइए, समझते हैं कि भारत और रूस के ये महत्वाकांक्षी मून मिशन एक-दूसरे से किस तरह अलग हैं।





### चांद तक की यात्रा का रूट मैप

भारत का चंद्रयान-3 ग्रेविटेशनल फोर्सेज पर ज्यादा निर्भर है। लॉन्च के बाद इसे धरती की दीर्घ वृत्ताकार कक्षा में स्थापित किया गया। यह उसी रास्ते पर चक्कर काटता रहा जब तक इसरो के वैज्ञानिकों ने कुछ मैनूवर्स के जरिए चंद्रयान-3 का ऑर्बिट नहीं बढ़ाया। धीरे-धीरे चंद्रयान-3 को धरती से दूर धकेला गया और फिर इसे चांद की कक्षा की ओर गाइड किया गया। चांद की कक्षा में पहुंचने के बाद, ठीक उसी तरह अब धीरे-धीरे चंद्रयान-3 को चांद की ओर धकेला जा रहा है। भारत ने पहले के चंद्रमा मिशनों- चंद्रयान 1 (2008) और चंद्रयान-2 (2019) में भी यही तरीका अपनाया था।

लूना-25 में हाई-पावर रॉकेट लगा है जो ज्यादा ईंधन ले जा सकता है। रूस ने इसमें सोयुज 2.1 रॉकेट लगाया है। ये 46.3 मीटर लंबा है। 10.3 मीटर व्यास वाले इस रॉकेट का वजन 313 टन है। चार चरणों के इस रॉकेट ने 'लूना-25' लैंडर को धरती के बाहर एक गोलाकार कक्ष में छोड़ दिया। यह इसे चांद की सतह तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त ताकत देता है। सोयुज रॉकेट की वजह से लूना-25 को धरती की कक्षा में इंतजार नहीं करना पड़ा।

# मुसलमानों के प्रवेश पर रोक को लेकर सख्ती, हरियाणा की ग्राम पंचायतों को कारण बताओ नोटिस जारी

**रेवाड़ी** के उपायुक्त मो. इमरान रजा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हमने ग्राम पंचायतों, उनके सरपंचों आदि के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की है और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। हरियाणा सरकार ने उन ग्राम पंचायतों और सरपंचों को कारण बताओ नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है, जिन्होंने 31 जुलाई को नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद अपने गांवों में मुसलमानों के प्रवेश पर रोक



लगाने के लिए प्रस्ताव पारित किया है या पत्र लिखे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कई ग्राम पंचायतों और सरपंचों को उनके संबंधित जिला अधिकारियों द्वारा हरियाणा ग्राम पंचायती राज अधिनियम की धारा 51 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जो एक सरपंच या पंच को निलंबित करने और हटाने से संबंधित है।

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, रेवाड़ी के उपायुक्त मो. इमरान रजा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया, हमने ग्राम पंचायतों, उनके सरपंचों आदि के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की है और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। वे ग्राम पंचायतें और सरपंच अपने जवाब भेजेंगे, जिसकी जांच की जाएगी।

# अंजू ने मनाया पाकिस्तान की आजादी का जश्न



लाहौर. अपने फेसबुक फ्रेंड नसरुल्लाह से शादी करने के लिए पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पहुंची अंजू शनिवार को वहां आजादी के जश्न में शामिल हुई. अंजू ने यहां नसरुल्लाह के साथ मिलकर पाकिस्तान की यौम-ए-आजादी (स्वतंत्रता दिवस) का केक भी काटा. इस दौरान पाकिस्तानी समाचार चैनल जियो न्यूज ने अंजू का इंटरव्यू भी लिया और उसे फातिमा तो वहीं नसरुल्लाह को उसका शौहर कहकर संबोधित किया. अंजू यूं तो कई बार धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कबूलने और नसरुल्लाह से निकाह करने की बात को खारिज करती रही है, लेकिन यहां जियो न्यूज से बातचीत में उसने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई.

# बैंक में खोले कई फर्जी खाते, फिर ऑनलाइन सट्टे के लिए करने लगे करोड़ों का लेनदेन...11 गिरफ्तार



**रायपुर।** आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित जरुरी दस्तावेजों का उपयोग कर बैंक में खाता खोलकर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले 11 आरोपियों को पुलिस ने महाराष्ट्र से पकड़ा है। साथ ही मोबाइल,एटीएम, लैपटॉप, सिम सहित कई जरूरी कागजात जब्त किया गया है। आरोपी भोले-भाले लोगों को लोन दिलाने सहित अनेक लुभावने स्कीम बताकर अपना शिकार बनाते थे। गिरफ्तार आरोपियों में पांच अंतरराज्यीय आरोपी है। बता दें, पूर्व में भी इस मामले में 8 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके है, जिनके पास से 14 लाख 44 हजार जब्त किया जा चुका है। जानिए मामला पीड़ित अरूण जाल ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वो त्रिमूर्ति नगर रायपुर में रहता है और वेल्डिंग का काम करता है। अरुण की पत्नी संगीता जाल रजत अग्रवाल के घर में पिछले एक सालों से काम कर रही थी। पत्नी की वजह से ही उसकी पहचान रजत अग्रवाल से हुई थी। इस दौरान रजत ने बोला कि उसे अर्जेन्ट में बैक खाता की जरूरत है और जिसमे कुछ दिन लेन-देन करने के बाद वो उसे उसका खाता वापस कर देगा। भरोसे में आकर अरुण जाल ने अपना पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो उसे दे दिया। रजत अग्रवाल एफडीएफसी बैंक देवेन्द्र नगर का फार्म लाकर पीड़ित से हस्ताक्षर कराकर उसकी पत्नी संगीता जाल का भी खाता खुलवाया। इसी दौरान कुछ दिन बाद रजत अग्रवाल ने प्रार्थी को उसके बैंक खाता बंद होने की जानकारी दी। प्रार्थी एचडीएफसी बैंक देवेन्द्र नगर शाखा जाकर पता किया तो बैंक मैनेजर ने उसके खाते में अत्यधिक पैसो का ट्रांजेक्शन होने के कारण बंद होना बताया। अरुण जब रजत अग्रवाल से बैंक खातों मे हुए ट्रांजेक्शन के बारे मे पूछा तो रजत अग्रवाल द्वारा टाल-मटोल कर गुमराह करने लगा। पीड़ित ने इसके बाद थाना खमतराई में इसकी सूचना दी।

बता दें पूर्व में मामले में संलिप्त 8 आरोपी रजत अग्रवाल, हिमांशु सिंह, मन्टू मांझी, मदन कुमार यादव, मोह. फरहान, मोह. उमैर, उपेन्द्र दास एवं मोहित टांक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित नगदी रकम 14,44,000 रूपये, 21 नग मोबाईल फोन, 05 नग पासबुक, 12 नग ए.टी.एम. कार्ड, 12 नग चेक बुक, 3 नग लैपटॉप, 2 नग कम्प्यूटर सिस्टम एवं 3 नग डायरी जुमला कीमती लगभग 22,00,000 रूपये जप्त किया जा चुका है। क्राइम और थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम ने संलिप्त 8 आरोपियों से पूछताछ के बाद अन्य 11 आरोपियों की जानकारी सामने आई। आरोपियों का लोकेशन नागपुर महाराष्ट्र में मिला। जिसके बाद पुलिस टीम नागपुर महाराष्ट्र से 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 30 नग मोबाईल फोन, 02 लैपटॉप, विभिन्न कम्पनियों के सिम कार्ड एवं अलग-अलग बैंक के 02 नग पासबुक, 38 नग चेकबुक एवं 38 नग ए.टी.एम. कार्ड जुमला कीमती लगभग 4,00,000 रूपये जब्त किये गए। गिरफ्तार आरोपी 1. जितेन्द्र साहू पिता कमल साहू उम्र 21 साल निवासी ग्राम नगरदा बिलाईगढ़ जिला बलौदा बाजार। 2. प्रथम मूलचंदानी पिता विनोद मूलचंदानी उम्र 21 साल निवासी श्रीनगर मसानी चौक पंचायत के सामने जिला गोंदिया महाराष्ट्र। 3. काली केवलानी पिता पहलानज केवलानी उम्र 22 साल निवासी सींधी कालोनी जिला गोंदिया महाराष्ट्र।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले बेसिक स्कूल मैदान में की गई फुल ड्रेस रिहर्सल



**बेमेतरा।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के लिए आज कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा और पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने परेड की फूलड्रेस रिहर्सल की। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में एसडीएम सुरुचि सिंह मुख्य अतिथि की भूमिका निभायी पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियों, स्काउट-गाइड, एन.सी.सी. ने परेड की सलामी दी।उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। रिहर्सल जिला मुख्यालय बेमेतरा स्थित बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित की गई। जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में इस बार स्कूली बच्चों के देशभक्ति/संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसका रिहर्सल किया गया। इस मौके पर विभागों को दिए जाने वाले पुरस्कार एवं पदकों का भी वितरण किया जाएगा। 15 अगस्त के पूर्व रात्रि एवं 15 अगस्त के रात्रि में सभी शासकीय/सार्वजनिक भवनों/राष्टीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। आज के अंतिम रिहर्सल के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कमलेश मांडवी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बेसिक स्कूल मैदान में रिहर्सल सुबह 9:00 बजे शुरू हुई।



# छत्तीसगढ़ पुलिस के 3 अधिकारियों को केंद्रीय गृह मंत्री पदक, सीएम बघेल और गृह मंत्री ने दी बधाई



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली की ओर से आज जारी अधिसूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ पुलिस के 3 अधिकारियों को केंद्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित किया गया है. पदक से सम्मानित पुलिस अधिकारियों में 2 निरीक्षक आर्शीवाद रहटगांवकर, नवीन बोरकर और उप निरीक्षक नीता राजपूत शामिल हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के तीन पुलिस अधिकारियों को एक्सीलेंस इनवेस्टिगेशन के लिए साल 2023 का यूनियन होम मिनिस्टर मेडल मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही है. राज्य में पुलिस कर्मियों को आधुनिक प्रशिक्षण के साथ-साथ साइबर अपराधों को रोकने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# बाइक और 112 वाहन की टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा जख्मी




**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के बोडला तहसील ऑफिस के सामने मोटर साइकिल और 112 वाहन की टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि 12 जुलाई के देर रात बाइक सवार दो व्यक्ति बोडला की ओर आ रहे थे. वहीं बोडला की ओर से डायल 112 गाड़ी अपने प्वाइंट पर जाने निकली थी. तहसील ऑफिस के सामने टक्कर हो गई. हादसे के बाद दोनों मोटर सायकल सवाल घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए हॉस्पिटल जे जाया गया. इलाज के दौरान एक मोटर साइकिल चालक गोविन्द निर्मलकर की मौत हो गई. वहीं परिजनों ने 112 वाहन चालक पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई और मृतक के परिवार को क्षतिपूर्ति की मांग की है. घटना के बाद 112 वाहन चालक पर थाना बोडला में मामला दर्ज कर लिया गया है.

## सार समाचार

### ग्राम खरथा में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सामाजिक परिचर्चा का आयोजन आज

**चारामा।** कोया भूमकाल क्रांति सेना, गोंडवाना समाज समन्वय समिति, आदिवासी कर्मचारी ग्राम खरथा के तत्वधान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह, महिला ओलंपिक सम्मान, आदिवासी समुदाय में ऐतिहासिक, सामाजिक रीति रिवाज, भाषा शैली, सांस्कृतिक एवं संवैधानिक अधिकार के संरक्षण व संवर्धन और बौद्धिक चेतना के उद्देश्य से युवाओं में नई ऊर्जा व मार्गदर्शन हेतु विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन एक कदम गांव की ओर के अभियान के तहत होगा। जिसके वक्ता ललित नरेटी, योगेश नरेटी, संदीप सलाम, शंकुतला तारम, बंशीलाल नेताम, राजेंद्र नेताम होंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम उरंजा मट्टा गोटूल करसना एवं वाद्य यंत्र ग्राम भंडारवंडी (विश्रामपुरी) एवं रात्रकालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच मोर मया के छांव ग्राम सराधुनवांगाव कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसका लाइव प्रसारण यू ट्यूब चैनल eshwar graphics charama पर ऑनलाईन देख सकते है।

### छत्तीसगढ़ में सिंगर से रेप, पुलिस वाले के बेटे ने शादी का झांसा देकर महिला से बनाया शारीरिक संबंध



**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई शहर में महिला सिंगर से रेप का मामला सामने आया है. पीड़िता ने पुलिस वाले के बेटे पर प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म का आरोप लगाया है. मामले में युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है. आरोपी फिरहाल फरार है. पूरा मामला स्मृति नगर चौकी क्षेत्र का है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी देवा भारती ने बताया कि आरोपी योगेश साहू (22 वर्ष) पुलिस लाइन दुर्ग का रहने वाला है. आरोपी का पिता पुलिस विभाग में कार्यरत है. पीड़िता आर्केस्ट्रा ग्रुप में सिंगर है. वर्ष 2021 में पीड़िता और आरोपी के बीच जान पहचान हुई. फिर दोनों में प्यार हो गया. आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाया और युवती से शारीरिक संबंध बनाया. जानकारी के अनुसार, महिला की एक बेटी है, उसका पति उसे छोड़कर पहले जा चुका है।

### सरेआम शराब पीते 9 पकड़ाए

**रायपुर** । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने कमल विहार मार्ग में शराब पीते आरोपी अभिषेक राय 26 वर्ष, विशाल धानेचा 24 वर्ष व डॉ.गोपाला कृष्णा 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रेखलाल सोनी 44 वर्ष मुकेश साहू 30 वर्ष व दुर्गेश साहू 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी हिमांसु गायकवार्ड 20 वर्ष, विकाश कुमार साहू 22 वर्ष व डुमन यादव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# गरियाबंद जिले में ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ सड़क हादसा, दो युवक दो युवती के साथ 4 लोग घायल






**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले में रविवार को ओवरटेक करने के चक्कर में एक गंभीर सड़क हादसा हो गया है। ग्राम पोड़ के पास पल्सर बाइक,स्कॉर्पियो और स्कुटी के बीच जबरदस्त भिडंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसे पुलिस और एंबुलेंस की मदद से राजिम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के मुताबिक़ घटना पांडुका थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे मार्ग में ग्राम पोड़ मंडी के पास हुई है। घायलों के नाम अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद से राजिम दिशा में जा रही,तेज रफ्तार पल्सर बाइक पोड़ मंडी टर्निंग के पास स्कूटी को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गई। जिसके बाद पीछे से आ रही स्कूटी भी अनियंत्रित होकर उसी में जा घुसी। भिड़त इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के दो टुकड़े हो गए और स्कूटी के भी परखच्चे उठ गए।स्कॉर्पियो भी सामने से डैमेज हो गई। घटना में बाइक सवार दो युवकों और स्कूटी में सवार दोनो युवती को गंभीर चोट लगी है।

जानकारी के मुताबिक एक युवक का पेट में गहरी चोट है,वही दूसरे युवक के पैर की हड्डी दो अलग-अलग जगह से टूट गई है। एक युवती का भी पैर टूट गया है,दूसरी युवती को मामूली चोट लगी है। घटना के बाद मौके में भीड़ जुट गई। भीड़ ने ही वहां से गुजर रहे एक एंबुलेंस को रोककर गंभीर रूप से घायल दो युवक युवती को पहले राजिम अस्पताल भेजा। इसके अलावा पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी और कुछ देर बाद पहुंची संजीवनी 108 के माध्यम से बाकी एक युवती को अस्पताल रवाना किया गया।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रास्ते से वाहनों को किनारे कर आवाजाही को सुगम किया। भीड़ को मौके से रवाना किया। थाना प्रभारी जयसिंह ने बताया कि घटना में 4 लोग घायल है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए शुरू हुई तैयारी

# फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान आईएएस ने ली परेड की सलामी



**बलौदाबाजार।** 15 अगस्त को देश 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है. इसको लेकर देश की राजधानी दिल्ली से लेकर प्रदेश के दूरदराज स्थित पंचायतों में तैयारियां शुरू हो गई हैं. प्रदेश के जिला मुख्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले आयोजन के लिए ड्रेस रिहर्सल शुरू हो गया है। प्रदेश के अन्य जिलों की तरह बलौदाबाजार में भी जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पूरी हो गई है. पंडित चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेण्डरी स्कूल में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में संसदीय सचिव चंद्रदेव राय समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. आयोजन के लिए आज फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ। आईएएस रोमा श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली. कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने परेड का निरीक्षण किया. डीएसपी सुमन्दर लकडा के नेतृत्व में पुलिस, नगर सेना एनसीसी स्काउट-गाइड व रेड क्रॉस के महिला एवं पुरुष जवानों ने भाग लिया. रंगारंग सांस्कृतिक के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा।

# मशरूम खाने से एक ही परिवार के 7 लोग बीमार, सभी सिम्स में भर्ती



**बिलासपुर।** मशरूम की सब्जी खाने से एक ही परिवार के 7 लोग बीमार हो गए हैं. जिन्हें बिलासपुर सिम्स में भर्ती कराया गया है. सभी का इलाज जारी है. यह मामला उसलापुर का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, उसलापुर निवासी यादव परिवार ने बीती रात मशरूम की सब्जी बनाई, परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठकर खाना खाया. करीब 2 घंटे बाद परिवार के सदस्यों को उल्टियां होने लगी. 2 सदस्यों की हालत गंभीर होने पर संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी गई. फिर बबली यादव, प्रदीप यादव, लीला यादव और उसके पति अविनाश यादव, आशीष यादव, राजनंदनी यादव और प्रेरणा यादव को सिम्स पहुंचाया गया. जहां सभी का इलाज जारी है. सबकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# नक्सलियों ने कोटवार की हत्या कर शव खेत में फेंका, इलाके में मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले से नक्सल वारदात की बड़ी खबर सामने आई है. यहां के रिंगागोदी गांव में नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में कोटवार की हत्या कर दी है. हत्या के बाद शव को नक्सलियों ने खेत में फेंक दिया. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि रिंगागोदी गांव में नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में कोटवार को मौत के घाट उतार दिया. ग्रामीणों ने बताया कि रात में 15 से 20 नक्सली गांव में आए और कोटवार धर्मलाल बघेल को उठाकर अपने साथ ले गए थे. जिसके बाद आज सुबह खेत में कोटवार का शव मिला है. वहीं मौके पर नक्सलियों ने पर्चा भी फेंका है. एसपी वाय अक्षय कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है. फिलहाल इस मामले में पुलिस कोटवार के शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

# भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति और सावन तीज उत्सव कार्यक्रम संपन्न

## शोभा शर्मा के नेतृत्व में नारी शक्ति का रायगढ़ जिले के आगामी विधानसभा चुनाव में अहम रोल देखने को मिलेगा- मंजू सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आज भाजपा महिला मोर्चा ने जिला भाजपा कार्यालय में अपनी जिला कार्यसमिति की बैठक रखी और उसके साथ-साथ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सावन एवं तीज उत्सव रंगारंग कार्यक्रम भी रखा गया।

सर्वप्रथम आज भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति बैठक रखी गई जिसमे पूरे जिले के चारों विधानसभा से पूरे 23 मंडल से आई महिला मोर्चा के मंडल एवं जिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया जिसमें आज महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं को सर्वप्रथम महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शोभा शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण के साथ पिछले दिनों महिला मोर्चा के किए गए कार्यों का वृत्त भी रखा, उसके बाद महिला मोर्चा प्रभारी मंजुलता नायक, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुषमा खलखो, पूर्व संसदीय सचिव सुनीति सत्यानंद राठिया, शांता साय, गुरुपाल सिंह भल्ला, प्रदेश से आज मुख्य वक्ता के रूप में बैठक में उपस्थित महिला मोर्चा जिला संगठन प्रभारी मंजू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, आज के इस कार्यसमिति बैठक में दोनों महामंत्री द्वय दुर्गा देवांगन एवं




बीना विश्वास ने संचालन किया एवं बीना विश्वास ने आभार प्रदर्शन किया। तत्पचात कार्यक्रम के दूसरे सत्र में भाजपा महिला मोर्चा के सदस्यों के साथ-साथ नगर की सामाजिक संस्थाओं ने भी सावन एवं तीज उत्सव के कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें जिले भर से 300 से ज्यादा महिलाएं एवं बच्चियां उपस्थित रही एवं जिसमें कुछ बच्चियों से पद्मिनी, पाखी गुप्ता, भूमिका गुप्ता, पीहू थवाईत, संध्या अग्रवाल, प्रमुख रही वही कई ग्रुपों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति भी दी जिसमें प्रमुख रूप से पंखुड़ी ग्रुप एवं गंनगौर समूह, हार्दिक गायत्री समूह के प्रस्तुति को सभी महिलाओं ने सराहा, उसके बाद महिलाओं में अन्य प्रकार से मनमोहक प्रस्तुति के साथ आज का भव्य कार्यक्रम का समापन हुआ। आज के इस गरिमांमयी आयोजन में प्रमुख नेताओं सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष पाण्डेय, भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, प्रमोद गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गीतांजलि पटनायक, आरती सिंह, बीना चौहथा, जिला पंचायत सदस्य गोपिका गुप्ता, सहित भाजपा महिला मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल के पदाधिकारी सहित सक्रिय महिलाओं की उपस्थिति रही।



भरोसे का सम्मेलन

# विभिन्न विभागीय योजनाओं कि लगाई गयी स्टाल एवं प्रदर्शनी

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि विभागीय योजनाओं के स्थल एवं प्रदर्शनी का कर रहे हैं अवलोकन






**बिलासपुर ।** भरोसे के सम्मेलन खोखरा जांजगीर चांपा में विभिन्न विभागीय योजनाओं के स्टाल एवं प्रदर्शनी लगाई गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि विभागीय योजनाओं के स्टाल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।

शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्रदर्शनी, रीपा योजना के अंतर्गत गोबर से विद्युत उत्पादन, ग्रामोद्योग योजना के अंतर्गत कोकून से धागा उत्पादन, सिंचाई विभाग के अंतर्गत बांगो डैम, कृषि विभाग के अंतर्गत रागी की खेती की प्रदर्शनी, पर्यटन विभाग के अंतर्गत राम वन गमन पथ शिवरीनारायण की प्रदर्शनी, वन विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के अंतर्गत सुपोषण अभियान आंगनबाड़ी मॉडल पोषण वाटिका का प्रदर्शन, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना की प्रदर्शनी लगाई गई है।

# विधायक डॉ के के ध्रुव ने जन समस्या निवारण शिविर में आई फ्लू के मरीजों को चश्मा और दवाई वितरित किया

गौरेला पेंड्रा मरवाही । विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने पेंड्रा विकासखंड के ग्राम पंचायत कोडगार में शनिवार को आयोजित खंड स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में आई फ्लू के मरीजों को चश्मा और दवाई वितरित किए।



शिविर के मुख्य अतिथि विधायक डॉ ध्रुव ने ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। उन्होंने महिला एवम बाल विकास विभाग की योजना के तहत 7 बच्चों का अन्नप्राशन और 6 महिलाओं की गोद भराई का रश्म कराया। इसके अलावा तीन हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण भी किया किए। शिविर में जन समस्याओं से संबंधित 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में खण्ड स्तरीय सभी विभागों ने प्रदर्शनी लगाई थी।




अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित बैक ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों को स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी चुनाओं में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई। शिविर में राज्य युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव, जनपद अध्यक्ष पेंड्रा आशा बबलू मरावी, सरपंच संघ के अध्यक्ष रामरतन पेंद्रो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पेंड्रा डॉ संजय शर्मा, नायब तहसीलदार सोनू अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए आयोजन के पहले किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** आगमी 15 अगस्त को गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के पहले आज अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। 15 अगस्त को गुरुकुल खेल मैदान पेंड्रारोड में आयोजित हो रहे मुख्य समारोह में राजस्व मंत्री एवम जिले के प्रभारी मंत्री जय सिंह अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे।



गरिमामय समारोह की समूचित तैयारी के तहत कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया के मार्गदर्शन में पूर्वाभ्यास के दौरान मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार बतौर मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे का मंच पर आगमन, परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण का अभ्यास, मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरोन से परिचय, खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, पुरस्कार वितरण, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, परियोजना निदेशक डीआरडीए के पी तेंदुलकर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर बीएलओ और अभिहीत अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पेण्ड्रा ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर कृष्णा बाई (बीएलओ) मतदान केन्द्र कमांक 208 घाटबहरा और श्री फूलचंद पैकरा अभिहीत अधिकारी मतदान केन्द्र कमांक 208 घाटबहरा को नोटिस जारी कर दो दिवस के अन्दर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने कहा है।

जारी नोटिस में कहा गया है कि फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियो का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता दिनांक 01 अक्टूबर 2023 के अन्तर्गत विशेष शिविर का आयोजन करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी पेण्ड्रारोड के आदेशानुसार

12 अगस्त 13 अगस्त, 19 अगस्त एवम 20 अगस्त को मतदान केन्द्रो मे विशेष शिविर का आयोजन किया गया है । परन्तु आज दिनांक 12 अगस्त 2023 को अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) पेण्ड्रारोड द्वारा आपके मतदान केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आप मतदान केन्द्र मे अनुपस्थित पाए गए। जो कि आपका उक्त कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य मे घोर लपरवाही को प्रदर्शित करता है। अतः आप उक्त संबंध में अपना जवाब दो दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। जवाब संतोषप्रद नही होने की दशा में आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारी को प्रस्तावित किया जावेगा। जिसके लिए आप स्वत: जिम्मेदार होंगे।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 80वीं बटालियन ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

**दिनेश के.जी., जगदलपुर ।** सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी सदन कुमार के नेतृत्व में 80 वीं वाहिनी के0रि0पु0बल, जगदलपुर के प्रांगण में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। के0रि0प0बल0, 80वीं वाहिनी ने नेहरु युवा केन्द्र जगदलपुर तथा स्वास्थ्य विभाग जगदलपुर के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व हव / जीडी स्वर्गीय राजकुमार सिंह के पत्नी वैदयन्ति सिंह को सम्मानित किया गया, वृक्षारोपण किया गया, पंच प्रण का जवानों एवं अधिकारियों द्वारा शपथ लिया गया तथा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जवानो के लिये व्याख्यान दिया गया। इस






अवसर पर 80 वीं वाहिनी के अधिकारी श्री सदन कुमार, द्वि0कमा0 अधि0 मकसूद आलम, उपक्रम, डा0 वेंकट विकाश, चिकित्सा अधिकारी हेमराज ब्यास, सहायक कमाण्डेन्ट अंजली कुमारी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा . केन्द्र जगदलपुर, डा0 रिचा राठौर, डॉ0 सौम्या वर्गीस, यु0 एस0 साहु. मनोवैज्ञानिक सलाहकार, स्वास्थ्य विभाग जगदलपुर, मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल, जिला पंचायत सीईओ ने की मुख्य अतिथि की भूमिका

## स्वतंत्रता दिवस में संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव होंगे मुख्य अतिथि

**जगदलपुर ।** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के लिए अंतिम रिहर्सल लालबाग मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप ने भी परेड की सलामी ली।

कलेक्टर श्री विजय ने तैयारियों का जायजा लेकर समय पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस परेड का नेतृत्व डीएसपी दीपमाला कुर्रे, सेकंड कमांड गुणेश्वरी नुरेटी कर रही है। परेड में 14 टुकडियां शामिल हो रही है जिसमें पुलिस, सीआरपीएफ, वन विभाग, नगर सेना, जिला बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के जवान है।

जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि आदिम जाति विकास,अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास के संसदीय सचिव श्री द्वारिकाधीश यादव होंगे।

रिहर्सल में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल श्री योगेश देवांगन, एसडीएम नंद चौबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल



### जिला पंचायत सीईओ ने किया मुख्य अतिथि की भूमिका

स्वतंत्रता दिवस में संसदीय सचिव श्री द्वारिकाधीश यादव होंगे मुख्य अतिथि



जगदलपुर 13 अगस्त 2023/ स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियों के लिए अंतिम रिहर्सल लालबाग मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप ने भी परेड की सलामी ली।

कलेक्टर श्री विजय ने तैयारियों का जायजा लेकर समय पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस परेड का नेतृत्व डीएसपी दीपमाला कुर्रे, सेकंड कमांड गुणेश्वरी नुरेटी कर रही है। परेड में 14 टुकडियां शामिल हो रही है जिसमें पुलिस, सीआरपीएफ, वन विभाग, नगर सेना, जिला बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के जवान है।

जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि आदिम जाति विकास,अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास के संसदीय सचिव श्री द्वारिकाधीश यादव होंगे।

रिहर्सल में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल श्री योगेश देवांगन, एसडीएम नंद चौबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# निवेशकों के फरार चिटफंड कंपनियों के डायरेक्टरों पर दबाव बढ़ाने उनकी संपत्तियों की जानकारी जुटाने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारियों को दिए गए निर्देश

**बिलासपुर ।** निवेशकों के रुपये लेकर फरार चिटफंड कंपनियों के डायरेक्टरों पर दबाव बढ़ाने उनकी संपत्तियों की जानकारी जुटाने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा फरार डायरेक्टरों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने कार्रवाई की जा रही है।

शनिवार को एएसपी ग्रामीण राहुल देव शर्मा ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को कहा है। एएसपी राहुल देव शर्मा ने शनिवार को जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने कहा कि चिटफंड मामले में राज्य शासन का मुख्य एजेंडा फरार डायरेक्टरों की गिरफ्तारी और निवेशकों की धन वापसी है।



निवेशकों की धन वापसी के लिए फरार डायरेक्टरों की संपत्ति की जानकारी जरूरी है। इसके अलावा डायरेक्टरों की गिरफ्तारी के लिए लुक आउट सर्कुलर जारी कराया जाना चाहिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है। बैठक में सरकंडा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता, तोरवा थाना प्रभारी कमला पुसाम, कोटा थाना प्रभारी उत्तम साहू, तखतपुर थाना प्रभारी एसआर साहू के साथ ही सभी थानों के विवेचक मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का किया गया फुल ड्रेस रिहर्सल

## कलेक्टर और एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा, स्वतंत्रता दिवस समारोह में संसदीय सचिव रश्मि सिंह करेंगी ध्वजारोहण

बिलासपुर । जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल आज सवेरे 09 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया।





कलेक्टर संजीव कुमार और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने अंतिम रिहर्सल में शामिल होकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। कलेक्टर ने राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुकूल कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए.जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाते हुए ध्वजारोहण किया। फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डों से परिचय, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। उल्लेखनीय है कि संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि अशीष सिंह जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगी.इस वर्ष स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बिखरेगी छटा

गौरतलब है कि जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं और विकास कार्यों पर आधारित 05 दिवसीय छाया चित्र प्रदर्शनी पुलिस परेड ग्राउंड में 15 अगस्त से लगाई जाएगी।

रिहर्सल के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, सोमवार 14 अगस्त 2023

## रजनीकांत की जेलर इस साल पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई वाली तीसरी फिल्म बनी



सुपरस्टार रजनीकांत की जेलर ने 10 अगस्त को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटा दिया है। इस फिल्म को समीक्षकों के अलावा दर्शकों की ओर से भी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही है।जेलर का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार ने किया है। अब फिल्म के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जेलर ने रिलीज के पहले दिन 43.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

फिल्म ने तमिल में 35.5 करोड़, तेलुगू में 7.55 करोड़ और हिंदी में 25 लाख रुपये कमाए। जेलर ने रिलीज होते ही कई रिकॉर्ड तोडे हैं। यह 2023 में तमिलनाडु में सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है।



## ब्रांड के कपड़े पहन अनुष्का सेन ने शेयर किया हॉट फोटोशूट, न्यूयॉर्क से इंटरनेट का पारा किया हाई

एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो आए दिन अपने सिजलिंग लुक्स के कारण लोगों के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। हाल ही में अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट न्यूयॉर्क वेकेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

साथ ही लोग उनके इस लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री अनुष्का सेन आए दिन अपनी हर एक अदाओं से फैंस को लट्टू कर देती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने लूइस विंटन ब्रांड के कपड़े पहने हुए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस इन दिनों न्यूयॉर्क में अपनी छुट्टियां मना रही हैं। वहीं से उन्होंने अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर करी हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अनुष्का सेन ने डेनिम ब्लू कलर का क्रॉप टॉप और साथ ही व्हाइट कलर की स्कर्ट पहनी हुई है। ओपन हेयर, गॉगल्स और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। अनुष्का सेन अपनी इन फोटोज में न्यूयॉर्क के स्ट्रीट में खड़े होकर बेहद ही सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। अभिनेत्री जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। वेस्टर्न हो या फिर एथनिक एक्ट्रेस अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर ट्रेंड करता है।

## बिग बॉस ओटीटी 2 से चमक उठी मनीषा रानी की किस्मत

### अब बॉलीवुड में मचाएंगी धमाल!

सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी 2 में कदम रखने वाली मनीषा रानी देशभर के लोगों के दिलों में राज करने लगी हैं. मनीषा के स्टाइलिश लुक्स, बोलने का तरीका और कॉमिक अंदाज हर किसी का मन मोह लेता है. उन्होंने शो के अंदर रहते हुए काफी कम वक्त में एक बड़ा नाम हासिल कर लिया है.



मनीषा को पसंद करने वालों में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि कई हस्तियों के नाम भी शुमार हो चुके हैं. कभी टिक-टॉक वीडियोज बनाने वाली मनीषा रानी ने खुद भी नहीं सोचा होगा कि उन्हें कभी इतनी सफलता मिल पाएगी. खबरों की माने तो मनीषा को आज कई फिल्मों के लिए भी ऑफर्स दिए जा रहे हैं. कहा जा रहा है कि मनीषा को हाल ही में 5 फिल्मों के ऑफर्स मिल हैं.

हालांकि, फिलहाल इन फिल्मों को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना जरूर कह सकते हैं कि शो से बाहर आते ही मनीषा की झोली में कई प्रोजेक्ट्स होंगे. खबरों की माने तो मनीषा एक एनजीओ के लिए भी योगदान करती हैं.

मनीषा रानी अक्सर कहती हैं कि उन्हें बचपन से ही डांस और एक्टिंग करने का बहुत शौक है. इसी क्षेत्र में वह अपना करियर भी बनाना चाहती थीं. कहते हैं कि जब टिक-टॉक बंद हो गया तो मनीषा बिल्कुल टूट गई थीं. उन्हें ऐसा लगा कि उनके हाथ से एक प्लेटफॉर्म छिन गया और वह 5 दिनों तक बिना कुछ खाए-पिएं रोती रहीं. अब मनीषा के चाहने वाले उन्हें पर्दे पर एक नए अंदाज में देखने के लिए उत्साहित हो गए हैं.

## दिव्या खोसला कुमार की यारियां 2 का टीजर जारी, 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म




साल 2014 में आई हिमांश कोहली और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म यारियां ने दर्शकों का दिल बखूबी जीता था। दिव्या खोसला कुमार के डायरेक्शन में बनी यारियां ने ऑडियंस से लेकर क्रिटिक्स तक सभी को इम्प्रेस किया। ऐसे में दिव्या अब यारियां 2 लेकर आ रही हैं, खास बात ये है कि इस बार वह डायरेक्टर नहीं बल्कि लीड रोल में नजर आएंगी। जिसका अंदाजा आप गुरुवार को रिलीज हुए यारियां 2 के टीजर को देख कर आसानी से लगा सकते हैं।

मेकर्स की ओर से यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया गया। जिसमें दिव्या खोसला कुमार फिल्म के लीड एक्टर मीजान जाफरी और पर्ल वी पुरी के साथ नजर आईं। अब गुरुवार को टी सीरीज ने यारियां 2 का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें ये दिखाया गया है कि एक लड़की के इर्द गिर्द दो लड़कों की कहानी घूमती रहती है। इस टीजर से ये अनुमान आसानी से लगाया गया कि इस बार यारियां की कहानी लव ट्राइंगल पर भी आधारित हो सकती है।

वरीना हुसैन, अनस्वरा रंजन, प्रिया वारियर और यश दास गुप्ता जैसे कलाकारों की झलक आपको इस टीजर में देखने को मिलेगी। यारियां 2 के टीजर ने फैंस की एक्साइटमेंट को भी काफी हद तक बढ़ा दिया है। डायरेक्टर विनय सप्रू और राधिका राव के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

## रॉकी और रानी... की कमाई जारी, अब गदर 2 और ओएमजी 2 से टक्कर

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।दुनियाभर में फिल्म 300 करोड़ रुपये की कमाई की और बढ़ रही है, वहीं भारत में भी फिल्म 150 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो सकती है।हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म की कमाई की रफ्तार लगातार घटती जा रही है और अब इसकी मुश्किलें और भी बढ़ सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने अपनी रिलीज के 14वें दिन 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका भारत में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 121.18 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में फिल्म ने लगभग 230 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी जैसे दिग्गज कलाकार भी हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को लगभग 160 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। सनी देओल की गदर 2 और अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 ने 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है।




## आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का पहला गाना दिल का टेलीफोन 2.0 जारी

आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की 'ड्रीम गर्ल 2' के ट्रेलर के बाद से ही फैंस की नजर फिल्म की रिलीज पर टिकी हुई हैं. आयुष्मान की इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का हर सीन और हर डायलॉग आपको हंसने पर मजबूर कर देगा. आयुष्मान और अन्नू कपूर की जोड़ी फिर से दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है. अब फिल्म का पहला गाना 'दिल का टेलीफोन 2.0' जारी कर दिया गया है. आयुष्मान खुराना के फैंस की बेसब्री भी दिन ब दिन बढ़ती ही जा रही है. एक्टर की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' का ट्रेलर देख भी लोगों ने काफी पसंद किया था. फिल्म में पूजा का अनोखा अंदाज पर फैंस का रिएक्शन देखने के लिए खुद आयुष्मान भी काफी एक्साइटेड हैं. अन्नू कपूर और आयुष्मान की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को अपना दीवाना बनाने में कामयाब होने वाली है. ऐसे में अब फिल्म का नया गाना दिल का टेलीफोन 2.0 लोगों की धड़कने बढ़ाने के लिए रिलीज कर दिया गया है. ये फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. बॉलीवुड के पॉपुलर गाने दिल का टेलीफोन की प्यारी धुन को मेकर्स फिर से लेकर आए हैं. इस गाने के पुराना वर्जन ने भी लोगों को अपना दीवाना बना दिया था. उस वक्त भी ये गाना लोगों ने काफी पसंद किया था. अब 'दिल का टेलीफोन' नए ट्विस्ट के साथ वही पुराना जादू बिखरने के लिए तैयार है. 'दिल का टेलीफोन 2.0' का कंपोजिशन मीत ब्रदर्स ने किया है।




# खेल



पहला क्वार्टर
भारत 1 - 1 मलेशिया

## हॉकी...भारत ने चौथी बार जीती एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

### 2 गोल से पिछड़ने के बाद मलेशिया को 4-3 से हराया, सबसे ज्यादा टाइटल जीते

चेन्नई। भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। टीम ने मलेशिया को 4-3 से पराजित कर दिया। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में चौथी बार चैंपियन बनी है। इसी के साथ भारत इस टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाला देश बन गया है। चेन्नई के राधाकृष्णन स्टेडियम में शनिवार को अपना 5वां फाइनल खेल रही टीम इंडिया हाफ टाइम तक 2 गोल से पिछड़ रही थी, तब स्कोर लाइन 3-1 था। फिर मुकाबले के आखिरी दो क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने तीन गोल दागते हुए जीत हासिल की।

मुकाबले में भारत की ओर से जुगराज सिंह ने 9वें मिनट, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 45वें मिनट, गुरजंत सिह ने भी 45वें मिनट और आकाशदीप सिंह ने 56वें मिनट में गोल दागा। साथ ही मलेशियाई टीम की ओर से अजराई अबू कमाल ने 14वें मिनट, रहीम रजी ने 18वें मिनट और मुहम्मद अमीनुदीन ने 28वें मिनट में गोल दागा।

दोनों ही टीमों ने मैच की आक्रमक शुरुआत की। दोनों टीमों ने गोल के चांस बनाए। मलेशिया ने शुरुआती मिनटों में बढ़त लेने की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस ने शानदार बचाव किया।

फिर 9वें मिनट में भारत को पहले गोल मिला। जुगराज सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर गोल करते हुए भारत को 1-0 की बढ़त बनाई। कुछ देर बाद 14वें मिनट में




मलेशिया अजराई बाबू कमाल ने 14वें मिनट में मैदानी गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

इस क्वार्टर में डबल गोलकर मलेशिया ने हाफ टाइम तक 3-1 की बढ़त हासिल कर ली। टीम ने शुरुआत से ही भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। यहां मलेशियाई खिलाड़ी PC (पेनल्टी कॉर्नर) की तलाश में थे। उन्हें 18वें मिनट में सफलता मिली। यहां रहीम रजी ने नेट के टॉप में ड्रैग फ्लिककर गोल दाग दिया।

दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को 1-1 ग्रीन कार्ड मिला यानी प्लेयर्स को 2-2 मिनट केमि सस्पेंशन ले। भारतीय टीम ने क्वार्टर के आखिरी मिनटों में अटैकिंग गेम खेला और सर्कल के अंदर कई मौके बनाए, लेकिन गोल करने में टीम नाकाम रही। 28वें मिनट में मलेशिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर मोहम्मद महमुद्दीन ने गोल किया।

### एक नजर


## बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी उठाकर गेंदबाजों का साथ देना होगा: पंड्या

**लॉडेरहिल** । वेस्टइंडीज को पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे मैच में नौ विकेट से हराने के बाद भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने शनिवार को यहां कहा कि टीम के बल्लेबाजों को इसी तरह से जिम्मेदारी उठाकर गेंदबाजों का समर्थन करना होगा। भारत ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट पर 178 रन पर रोकने के बाद तीन ओवर शेष रहते एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने श्रृंखला में 2-2 से बराबरी कर ली। इसका निर्णायक मुकाबला रविवार को खेला जायेगा। यशस्वी जायसवाल (नाबाद 84) और शुभमन गिल (77 रन) की आतिशी बल्लेबाजी और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी के दम पर भारतीय टीम ने आसान जीत दर्ज की। मैच के बाद पुरस्कार समारोह में पंड्या ने सलामी बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। जैसा कि हमने देखा है, उनके कौशल में कोई संदेह नहीं है। उन्हें बस क्रीज पर बीच कुछ समय बिताने की जरूरत थी। भारतीय कप्तान ने कहा, आगे बढ़ते हुए हमें बल्लेबाजी समूह के रूप में अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी और गेंदबाजों का समर्थन करना होगा। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि गेंदबाज मैच जिताते हैं। यशस्वी और शुभमन आज शानदार थे। उनकी बल्लेबाजी देखकर बहुत अच्छा लगा। मैन ऑफ द मैच जायसवाल ने उन पर भरोसा करने के लिए कप्तान और टीम के सहयोगी सदस्यों का आभार जताया।



## फॉर्म में लौटने के लिए पुराना तरीका अपनाया: गिल

**लॉडरहिल (अमेरिका)** । भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फॉर्म में वापसी के लिए उन्होंने 'बेसिक्स' पर ध्यान दिया और उस तरीके को अपनाया जब वह रन बना रहे थे। यह 23 वर्षीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाया था। उन्होंने इन मैचों में तीन, सात और छह रन बनाए लेकिन चौथे मैच में 47 गेंदों पर 77 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। भारत ने यह मैच नौ विकेट से जीता। गिल ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद पंजाब के अपने साथी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ बात करते हुए कहा, पहले तीन मैचों में मैं 10 रन तक भी नहीं पहुंच पाया था। आज विकेट थोड़ा बेहतर था, इसलिए मैं इसका पूरा फायदा उठाना चाहता था। इसके बाद जब हमें अच्छी शुरुआत मिली तो फिर हम उसका अच्छा अंत करना चाहते थे। उन्होंने कहा, टी20 प्रारूप इसी तरह का होता है। जब आपके पास तीन चार मैच होते हैं तो आपके अच्छे शॉट को क्षेत्ररक्षक कैच कर लेता है, आपकी निगाहें तेजी से रन बनाने पर होती हैं और ऐसे में सोचने का ज्यादा समय नहीं होता है।



### CPL में पहली बार रेड कार्ड का इस्तेमाल

## 20वें ओवर में स्लो-ओवर रेट की वजह से एक खिलाड़ी मैदान से बाहर जाएगा

कैरेबियन प्रीमियर लीग में पहली बार स्लो ओवर रेट के लिए रेड कार्ड का इस्तेमाल किया जाएगा। CPL के ऑपरेशंस डायरेक्टर माइकल हॉल ने बयान में कहा, हमें दुख है कि साल दर साल टी-20 मैचों की समयसीमा बढ़ती जा रही है। हम इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहते हैं। ऐसे में अब रेड कार्ड का इस्तेमाल किया जाएगा, हमने टूर्नामेंट से पहले फ्रेंचाइजी और हमारे मैच अधिकारियों दोनों को इस बारें में आगाह कर दिया है।

CPL मेंस और विमेंस दोनों में रेड कार्ड का इस्तेमाल किया जाएगा। CPL ने तय समय पर अपने कोटे के 20 ओवर न पूरा करने यानी स्लो-ओवर रेट के लिए पेनल्टी का ऐलान किया है।



अगर बॉलिंग कर रही टीम 20वें यानी कि आखिरी ओवर के शुरुआत से पहले स्लो-ओवर रेट की गुनहगार पाई गई तो उसे अपना एक खिलाड़ी मैदान से बाहर भेजना होगा। कोई एक खिलाड़ी जिसे कप्तान चुनेगा वो मैदान से बाहर चला जाएगा। इसके साथ ही छह खिलाड़ी 30 यार्ड घेरे के अंदर भी होंगे।

### स्लो-ओवर रेट के लिए पेनल्टी

*अगर 18वें ओवर के शुरू होने से पहले निर्धारित समय में टीम का ओवर रेट कम है तो उसके एक खिलाड़ी को 30 यार्ड सर्कल के अंदर आना होगा। मतलब 4 की जगह कुल 5 खिलाड़ी सर्कल के अंदर होंगे।*

### भारतीय ओपनर्स की विंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी पार्टनरशिप

## टीम की ओर से सबसे ज्यादा 34वीं बार शतकीय साझेदारी, जायसवाल ने तोड़ा पंत का रिकॉर्ड

**फ्लोरिडा** । टीम इंडिया ने 5 टी-20 मैचों की सीरीज में वापसी कर ली है। पहले 2 मुकाबले हारने के बाद 2-0 से पिछड़ने वाली भारतीय टीम अब 2-2 की बराबरी है। टीम ने करो या मरो के चौथे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया। इस जीत में सबसे बड़ा योगदान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की 94 बॉल पर 165 रनों की रिकॉर्ड ओपनिंग पार्टनरशिप का रहा। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की ओर से टी-20 की सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप है।




गिल-जायसवाल ने केएल राहुल और रोहित शर्मा के 165 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड के बराबरी की। रोहित और राहुल ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में बनाया था। वहीं इस सीरीज में डेब्यू करने वाले यशस्वी जायसवाल 21 साल की उम्र में टी-20 में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय बैटर बन गए हैं।

गिल-जायसवाल ने रिकॉर्ड ओपनिंग साझेदारी की। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 165 रन जोड़े। गिल-जायसवाल ने कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल की 165 रनों की ओपनिंग साझेदारी के रिकार्ड की बराबरी की है। यह टी-20 इतिहास में भारतीय ओपनर्स की सबसे बड़ी साझेदारी भी है। वहीं भारत के लिए ओवर ऑल किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले दीपक हुड्डा और संजू सैमसन ने 2022 में दूसरे विकेट के लिए आयरलैंड के खिलाफ 174 रन की पार्टनरशिप की थी।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 14 अगस्त 2023

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में हुआ स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

## सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा






जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में सहायक कलेक्टर युवराज मरमट ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वाह कर ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। इसके पश्चात परेड निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का रिहर्सल भी किया।

### स्वतंत्रता दिवस में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल होंगे मुख्य अतिथि



इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव एवं आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी भी मंच पर उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सलामी, राष्ट्रगान व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। जिसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। समारोह में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 6वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, नगर सेना महिला एवं पुरूष बल, एनसीसी कैडेट की टुकड़ियों, स्काउट द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। तत्पश्चात स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच व बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, बिजली आपूर्ति, पेयजल आदि के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों के अनुसार सारी तैयारियां समय से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर एस.के.कंवर सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल करेंगे ध्वजारोहण**

15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल मुख्य अतिथि होंगे तथा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात सलामी व राष्ट्रगान तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये जायेंगे।

## एक नजर

### स्वतंत्रता सह सद्भावना दौड़ का आयोजन आज

* जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी-कर्मचारी होंगे शामिल

* सुबह 8 बजे घंटाघर चौक से शुरू होगी स्वतंत्रता दौड़

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार आजादी के 76वीं वर्षगाठ के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी कोरबा जिले में स्वतंत्रता सह सद्भावना दौड़ दिवस के पूर्व 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह 8 बजे कोरबा शहर के घंटाघर चौक से प्रारंभ होगी और मिनीमाता महाविद्यालय से महाराणा प्रताप बुधवारी बाजार चौक से होते हुए वापस घंटाघर में समाप्त होगी। इस दौड़ में जिले के स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल संघों के खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक तथा आमजन शामिल होंगे। खेल अधिकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सभी प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ियों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के छात्र छात्राओं, स्काउट गाइड, नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने एवं सहिष्णुता व देशभक्ति का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### 12 अगस्त को आयोजित विशेष शिविर में 5979 फार्म हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 अंतर्गत रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रकार के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। 12 अगस्त को आयोजित विशेष शिविर में रायगढ़ जिले में कुल 5979 फार्म अविहित अधिकारीध्बीएलओ द्वारा प्राप्त किया गया है। जिसमें नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 3250, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 1716 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 के 1013 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आगामी 19 एवं 20 अगस्त 2023 को भी समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 अगस्त शनिवार को आयोजित विशेष शिविर में मतदाताओं की जागरूकता परीलक्षित हुई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा में नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 1057, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 846 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 के 373 कुल 2276 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ में नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 844, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 264 एवं संशोधन हेतु फार्म 8 के 232 कुल 1340 आवेदन मिले। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 719, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 359 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 के 215 कुल 1293 आवेदन एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में नाम जोड़वाने हेतु फार्म-6 के 630, नाम विलोपन हेतु फार्म-7 के 247 एवं संशोधन हेतु फार्म-8 के 193 कुल 1070 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत 12 अगस्त 2023 को आयोजित विशेष शिविर में रायगढ़ जिले में कुल फार्म-6 के 3250, फार्म-7 के 1716 एवं फार्म-8 के 1013 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मतदान केन्द्रों में आयोजित शिविर के दौरान जनसामान्य मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसी तरह नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाने, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ने अथवा दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जिले के मतदाताओं से आग्रह किया है कि विशेष शिविर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।

### प्रभारी मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया 14 अगस्त को लेंगे समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया 14 अगस्त 2023 को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

## बालिका छात्रावास छिंद के उत्कृष्ट छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जावेगा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के विकास खण्ड सारंगढ़ के आदर्श छात्रावास छिंद के बच्चों ने इस वर्ष 2023 की वार्षिक परीक्षा में अपने अपने विद्यालयों में अपने कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास छिंद का नाम रोशन किये हैं। विदित हो कि छात्रावास अधीक्षिका छिंद ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बच्चों को पहले से अवगत करा दी थी कि अपने-अपने कक्षाओं में इस छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रही है और वे प्रथम आएगी तो उन्हें उचित इनाम देकर सम्मानित करूंगी । उक्त कार्य के लिए लगातार बच्चों को प्रेरित करती रही। फलतः शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छिंद के कक्षा छठवीं से कु. रागिनी रात्रे ने 89 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की। वही कक्षा सातवीं से कु. सृष्टि कोसले छात्रावास नायिका ने 87.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान रही। तथा कक्षा आठवीं से कु. विंदिया अजय ने 89.83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की। आस्था पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल छिंद से कक्षा नवमी में कु. आरूषि रात्रे ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम रही। वहीं इसी विद्यालय की कक्षा दसवीं की कु. रेणुका रात्रे ने 88 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त की। तथा कक्षा 12 वीं में अनामिका मनहर ने 85 प्रतिशत लाकर छात्रावास की नाम रोशन किया। उक्त सभी बालिकाओं ने प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास छिंद में अधीक्षिका की मार्गदर्शन में रहकर उक्त वार्षिक परीक्षा परिणाम अर्जित की जिससे छात्रावास गौरांवित हुई है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उक्त सभी बच्चों को छात्रावास द्वारा प्रोत्साहित करने की अनुकरणीय प्रयास की जा रही है। जिसका प्रभाव इस वर्ष छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रही बालिकाओं पर पड़ेगी। और उत्कृष्ट परिणाम के लिए सतत मार्गदर्शन व प्रयास छात्रावास अधीक्षिका द्वारा की जा रही है। इस संस्था में शासन द्वारा 50 सीट स्वीकृति है तथा सभी सीट भरी हुई है। शासन की मंशा अनुरूप बच्चों की देखभाल एक माता-पिता, पालक की तरह करती हुई बच्चों को हमेशा प्रोत्साहित व सहयोग करती है। ऐसे अधीक्षिकाओं को भी शासन-प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## आजादी का 75 वां वर्ष जश्न के रूप में मनाने डाक घर से तिरंगा लेने ओपी चौधरी की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



तीन रंग के ध्वज को हर भारतीय के आजादी का प्रतीक बताते हुए भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा आजादी का 75 वां वर्ष हर भारतीय के लिए अमृत महोत्सव का जश्न है। देश की आजादी के 75 सालों का जश्न अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस जश्न के आयोजन के लिए सरकार ने हर-घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की है। हर देश वासी अपने अपने निवास प्रतिष्ठान पर 13 से 15 अगस्त के बीच तिरंगा लहराए। इस संबंध में की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी साझा करते हुए भाजपा नेता ने कहा हर जिला मुख्यालय में मौजूद पोस्ट ऑफिस में स्पेशल काउंटर के जरिए तिरंगा मुहैया कराया गया है। आजादी के जश्न को खास रूप से मनाने हेतु हर घर तिरंगा उपलब्ध कराने के लिए यह व्यवस्था की गई है। हर व्यक्ति न्यूनतम शुल्क देकर डाकघर में उपलब्ध इस सुविधा का लाभ ले सकता है। 25 रुपए का न्यूनतम शुल्क देकर डाक घर घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध करा रहा है। घर पहुंच सेवा हेतु कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा। एक अगस्त से ही डाक घरों में तिरंगा उपलब्ध कराया जा रहा है। ऑनलाइन ऑर्डर हेतु भारतीय पोस्ट ऑफिस की आधिकारिक वेबसाइट पद के जरिए होमपेज पर बने तिरंगे को क्लिक कर मांगी गई सम्पूर्ण जानकारी तिरंगे की संख्या, मोबाइल नंबर सहित देनी पड़ती है।

## स्वीप कार्यक्रम दिव्यांगजनों ने निकाली ट्राय साईकिल रैली, मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

* बोईरदादर स्टेडियम से निकली रैली, कमला नेहरू पार्क में हुई संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।






कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता हेतु दिव्यांगजनों द्वारा ट्राई साइकिल रैली निकाली गई। इस दौरान एसडीएम गगन शर्मा, तहसीलदार लोमस मिरी उपास्थित रहें। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम में बोईरदादर स्टेडियम से दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता हेतु ट्राई साईकिल रैली निकाली, जो कमला नेहरू पार्क में संपन्न हुई। जहां दिव्यांगजनों ने ट्राई साईकिल में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों के बोर्ड लगा कर निकले। दिव्यांगजन उत्साह के साथ रैली में शामिल हुए और चला रईगढ़िया, वोट देवईयां के नारे लगाकर शहरवासियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील की। ज्ञात हो कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं के लिए विशेष अभियान चलाकर युवाओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाया जा रहा हैं। ताकि कोई भी युवा मतदाता मताधिकार से वंचित न रहें। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल, सुशील सिंह, विनय तिवारी, उन्नायक सेवा समिति से रूपाली रवानी, नेहा सिन्हा, सिद्धार्थ शंकर मोहंती, जस्सी फिलिप, भोजराम, मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल एवं बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

*** दिव्यांग जनों के साथ राहगीरों ने भी उत्साह से लिया मतदान के लिए शपथ**

*** चला रईगढ़िया, वोट देवईया का नारा रैली में गूंजा**




### दिव्यांगजनों के साथ राहगीरों ने भी ली मतदान के लिए शपथ

*स्वीप सतरंगी माह कार्यक्रम के अंतर्गत हर वर्ग विशेष के लोगों को फोकस कर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिससे मतदाता जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सबकी सहभागिता सुनिश्चित किया जा सकें। आज आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम गगन शर्मा ने दिव्यांग जनों को मतदान के लिए शपथ दिलाई, इस दौरान मौजूद राहगीरों ने भी उत्साह पूर्वक शामिल होते हुए मतदान के लिए शपथ ली।*

## भारत निर्वाचन आयोग ने जिले में चल रहे स्वीप गतिविधियों को सराहा

अपने सोशल मीडिया पेजेस में युवा दिवस पर रायगढ़ स्टेडियम में हुए कार्यक्रम को दी जगह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं। जिसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार सराहा जा रहा है। युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नये मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत बोईरदादर स्टेडियम में बड़ी संख्या में कॉलेज एवं स्कूली बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से न्यू वोटर्स एवं भारत निर्वाचन आयोग के प्रतीक चिन्ह की आकृति तैयार की गई थी। आयोजित स्वीप कार्यक्रम की सराहना करते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने वीडियो एवं फोटो को अपने सोशल मीडिया पेजेस में शेयर कर लोगों से मतदान की अपील की हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा के दिशा-निर्देशन में आगामी निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 2 अगस्त से विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका जो आगामी 31 अगस्त तक किया जाएगा। जिसमें नए मतदाताओं को जोड़ने के साथ लोगों को मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के आयोजन का अंतिम रिहर्सल

## जिला पंचायत सीईओ एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का लिया जायजा







### परेड, पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों का अवलोकन कर दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप एवं पुलिस अधीक्षक उदय किरण ने आज सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले परेड, पीटी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतिम रिहर्सल व तैयारियों का जायजा लिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू उपस्थित थे। सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। सीईओ विश्वदीप ने सीएसईबी ग्राउण्ड पहुंच कर मुख्य समारोह हेतु बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, बेरीकेट्स तथा सुरक्षा आदि की व्यवस्था का जायजा लिया और अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, पी.टी. प्रदर्शन एवं अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में स्वतंत्रता दिवस समारोह की गरिमा का ध्यान रखने के निर्देश सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी को दिए।







## एक नजर

### सांसद ज्योत्सना महंत स्वतंत्रता दिवस पर सीएसईबी ग्राउंड पर करेंगी ध्वजारोहण, लेंगी सलामी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोरबा जिले में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगी। महंत सीएसईबी फु टबॉल ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी और सलामी लेंगी। मुख्य अतिथि महंत द्वारा जिलेवासियों के लिए प्रेषित मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे के पूर्व सम्पन्न कर लिए जाएंगे ताकि उन कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारी जिले के मुख्य समारोह में शामिल हो सके। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में मार्च-पास्ट एवं परेड का निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को रात्रि में जिले के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में गांव के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा।



### प्रेस क्लब लैलूंगा के अध्यक्ष चुने गये अशोक भगत

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

प्रेस क्लब लैलूंगा का वर्ष 2023 एवं 2024 के लिए दिनांक 12 अगस्त 2023 दिन शनिवार को स्थानीय विश्राम गृह लैलूंगा में सर्व सम्मति से निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें प्रेस क्लब लैलूंगा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल को उनके कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हे शाल एवं श्रीफ ल से सम्मानित किया गया तथा उन्हें प्रेस क्लब की अग्रिणी पंक्ती में नत्थू गोयंका के साथ ससम्मान संरक्षक बनाया गया। वहीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार भगत को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए ध्वनि मत से अध्यक्ष बनाया गया। तथा उपाध्यक्ष के रूप में चंद्रशेखर जायसवाल एवं ममता साहू को निर्विरोध उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सचिव के लिए रविकिरण घोघरे एवं शशिकांत बंजारा को नियुक्त किया गया। तो वहीं मनोज सतपथी को कोषाध्याक्ष का दायित्व दिया गया। जहां आदित्य बाजपेयी को विशेष सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है। तथा कार्यकारणी सदस्य के रूप में राकेश जायसवाल, जितेंद्र ठाकुर, विनय गोयनका, अशोक महंत आदि को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रखा गया है। प्रेस क्लब पुर्गठन के समय अनुपस्थित रहे प्रमोद प्रधान को को महत्वपूर्ण पद दिये जाने की बात कही गई। वहीं प्रेस क्लब लैलूंगा के नवनिर्वाचित कमेटी के द्वारा बखूबी अपने पदों का निर्वहन कर अपनी सर्वोत्तम कार्यक्षमता के साथ प्रेस क्लब लैलूंगा के सभी पत्रकार साथियों की हितों की रक्षा करते हुए नये पायदान पर ले जाने की निरंतर कोशिश रहेगी। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ का दायित्व को सफ लता पूर्वक निभाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस पुर्गठन से लैलूंगा क्षेत्र के पत्रकारों साथियों के प्रति एक उम्मीद की किरण जगी है। अब यह देखना होगा कि पत्रकारों तथा क्षेत्र की आम जनता के जन सरोकार के मुद्दों पर क्या खास रहेगी यह समय आने पर ही पता चल सकेगी।



## फैक्ट्री नहीं खोलने का भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे राहुल योगिराज टिकरिहा,शुभम तिवारी सहित हजारों ग्रामीणों का साथ किया विरोध

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।







बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम झिरिया बिटकुली में निजी कम्पनी के द्वारा स्पंज आयर फैक्ट्री नाविक स्टील उद्योग लगाया जाना प्रस्तावित हैं। अब जमीनी कार्यवाही की जा रही हैं,जिसके लिए, जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के द्वारा आज 11 अगस्त 2023 को जनसुनवाई किया गया। जिसके के खिलाफ में ग्रामवासी एक जुट होकर,जनसुनवाई स्थल पर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर जनभावना को जनसुनवाई करने आये अधिकारियों के सम्मुख तथ्य पूर्वक अपना विरोध दर्ज कराये विरोध प्रदर्शन में ग्रामीणों का जनसैलाब उमंड पड़ा था जनसुनवाई स्थल पर गहमा-गहमी बनी हुई थी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। जनसुनवाई के दौरान भाजपा,एवं विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण जनप्रतिनिधि जनसुनवाई स्थल पर विरोध प्रदर्शन करते डटे हुए थे।

# आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों के साथ खड़े हुए ओपी चौधरी

*मांगो को भाजपा घोषणा पत्र में शामिल करने के साथ पूरा करने का ओपी ने वादा किया*

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



राजधानी में लंबे समय से अपनी मांगो को लेकर आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मियों के धरने में शामिल होकर भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने वादा करते हुए कहा आपकी मांगो का परिक्षण कर भाजपा घोषणा पत्र में न केवल शामिल किया जायेगा बल्कि सरकार आने पर उन वादों को शत प्रतिशत पूरा किया जाएगा। कांग्रेस सत्ता पाने के लिए झूठे वादे कर सकती है लेकिन भाजपा की लिए सत्ता सेवा का जरिया है । कांग्रेस की सरकार आने के बाद सभी वर्ग के लोग अपनी मांगो को लेकर सड़क में उतर कर आंदोलन कर करने के लिए विवश है। कांग्रेस की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया थम सा गया है। आंदोलन से जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी मांगो को लेकर बयांग में मुलाकात कर धरने में शामिल होने का आग्रह किया था। इसलिए आज धरने में शामिल होने का जिक्र किया। स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल तोड़ने सरकार द्वारा तानाशाही रवैया अपनाए जाने पर भी ओपी ने आपत्ति जताते हुए स्वास्थ्य कर्मियों से साहस बनाए रखने की अपील की। आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बनाए रखने के लिए ओपी चौधरी ने अपने जीवन से जुड़े कठिन निर्णयों का भी जिक्र करते हुए कहा बचपन में पिता की मृत्यु के बाद 23 साल की उम्र में आईएएस की परीक्षा पास की। कलेक्टर की सेवा छोड़ने के दौरान 24 साल सुविधाओं की नौकरी शेष थी। सोने के इस सिंहासन की छोड़ने का उद्देश्य छत्तीशगढ़ महतारी की सेवा करना है। प्रदेश से झूठ भ्रष्टाचार छल प्रपंच को मिटाने के लिए उन्होंने राजनीति को जरिया बनाया है। सबसे बड़ी सेवा छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा है। राजनीति के लिए बहुत से मंच है लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों की वाजिब मांग का समर्थन भाजपा के लिए राजनैतिक विषय नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से विश्वास दिलाते हुए कहा घोषणा पत्र में आप लोगों की मांगों को ईमानदारी से शामिल किया जायेगा। सत्ता पाने के लिए गौ गंगा का अपमान करने वाली कांग्रेस की तरह झूठा घोषणा पत्र बनाने की बजाय ऐसा संकल्प पत्र बनाया जाएगा जो छत्तीसगढ़ में विकास की दशा दिशा तय करेगा। बतौर नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंह देव ने सरकार बनते ही दस दिन में आपकी मांगों को पूरा करने का वादा किया था पांच साल हो गए आपसे कोई चर्चा करने नहीं आया बल्कि सरकार दमन कारी नीतियों से आपके लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाना चाहती है। सूबे के मुखिया भूपेश बघेल को पढ़े लिखे लोगों से दुराग्रह रखने वाला व्यक्ति निरूपित करते हुए कहा भुपेश बघेल शिक्षित लोगों से नफ रत करते है। इसे सभी महसूस भी करते है।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले मिनी स्टेडियम में की गई फुल ड्रेस रिहर्सल

**महासमुंद** । स्वतंत्रता दिवस ( 15 अगस्त ) के लिए आज कलेक्टर प्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 12 टुकड़ियों में परेड की सलामी दी। रिहर्सल मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा मंच बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। महासमुंद शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय (मिनी स्टेडियम) में रिहर्सल सुबह 9.00 बजे शुरू हुई। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में वही इंतजाम रहे जो 15 अगस्त को रहेंगे। यानि 15 अगस्त वाले दिन समारोह में भी करीब-करीब यही अरेंजमेंट रहेगा। जिले के 7 स्कूलों से बच्चे छत्तीसगढ़ी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। आज उनकी भी रिहर्सल की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे । जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ के संसदीय सचिव व विधायक विनोद चंद्राकर मुख्य अतिथि होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। सुबह 9 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे । 9.03 बजे परेड का निरीक्षण,गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मुख्य अतिथि 9.15 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। सुबह 9.35 मार्च पास्ट होगा। इस अवसर पर शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत पोतरा में राशन दुकान के संचालकों द्वारा गरीब हितग्राहियों की हक में डाला जा रहा डाका

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

ग्राम पंचायत पोतरा में राशन दुकान के संचालको द्वारा गरीब हितग्राहियों के हक में डाका डालने का मामला सामने आया हैं। ग्रामीणों का कहना है शासन द्वारा चावल वितरण किया जाता है। वह चावल सभी हितग्राहियों को इसका लाभ नहीं मिल रह।




शासन द्वारा सभी हितग्राहियों के नाम से राशन आती है पर उनके तक नहीं पहुंच पा रही, ग्राम पंचात पोतरा में जुलाई माह का राशन हितग्राहियों द्वारा नहीं लिया गया था। क्योंकि चावल वितरण जुलाई माह में दो दिन ही किया गया है उसके बाद चावल वितरण को बंद कर दिया गया और जो बाकि हितग्राही चावल नहीं ले गए थे उनके नाम पर ई-केवायसी करने के साथ ही हितग्राहियों का फिंगर ले लिया गया और राशन कार्ड में एंट्री कर दिए गये। इसकी जानकारी हितग्राही द्वारा जब चाही गई तो राशन दुकान के सचिव विशेश्वर प्रधान के द्वारा कहा गया कि आपके नाम का चावल आपके परिवार के अन्य व्यक्ति द्वारा ले लिया गया है कहा और उपाध्यक्ष राकेश चौधरी से भी हितग्राही द्वारा चावल नहीं मिलने शिकायत करने पर उनके द्वारा यही जवाब दिया जाता है आपके नाम से रजिस्टर में दस्तखत है और राशन कार्ड में एंट्री है कह कर हितग्राहियों गोल-मोल जवाब दिया जाता है। हितग्राहियों द्वारा जब इसकी शिकायत करने की बात कही जाती है तो राशन संचालकों द्वारा कहा जाता है मैं कांग्रेस का नेता हूं आप लोगों को जहां शिकायत करना है जिसके पास करना है कर लो कोई नहीं सुनेगा तुम्हारी बात बोलकर हितग्राहियों भगा दिया गया।




# लाभार्थी सम्मेलन में भाजपा ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

सात ग्रामीणों ने थामा भाजपा का साथ

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

भाजपा मण्डल के बेनई पंचायत अंतर्गत गिरहुलडीह शक्ति केंद्र में लाभार्थी सम्मेलन का कार्यक्रम किया गया, इस कार्यक्रम में सीतापुर मंडल के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उनके द्वारा केंद्र सरकार द्वारा लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भाजपा नेता व सीतापुर विधानसभा प्रभारी ने मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों से ग्रामीणों को अवगत कराया। वह केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में उन्हें बताया, केंद्र सरकार की उपलब्धियां व योजनाओं से प्रभावित होकर बेनई पंचायत के गिरहुलडिह शक्ति केंद्र में 7 लोगों ने भाजपा का दामन थामा, भाजपा में सम्मिलित हुए सातों लोगों को विधानसभा प्रभारी द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस लाभार्थी सम्मेलन में सीतापुर विधानसभा प्रभारी उपेंद्र यादव, सीतापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार दास, तिर्लोचन सदावर्ती, भगल प्रधान, नारायण सिंह, प्रयागराज गुप्ता, उमेश यादव, सुषमा विश्कर्मा एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# धरमजयगढ़ थाना प्रभारी अमित तिवारी ने ली कोटवारों की बैठक

## अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए दिशानिर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।






क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के उपाये अपनाए जाने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देश पर धरमजयगढ़ थाना प्रभारी ने रविवार को कोटवारों की बैठक ली। धरमजयगढ़ थाना में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के समस्त कोटवार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी अमित तिवारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले संदिग्ध गतिविधियों व अन्य अपराधों के बारे में पुलिस को जानकारी देने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उससे बचने के उपायों को अपनाने पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि ऐसे मामलों में सतर्कता बरतने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाना चाहिए। इस दौरान थाना प्रभारी ने ठगों द्वारा खुद को बैंक कर्मी या विभिन्न कंपनियो का एम्प्लाई बताते हुए बैंक एकाउंट से जुड़े गोपनीय विवरण प्राप्त कर ठगी के मामलों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने एनीडेस्क व अन्य रिमोट एक्सेस एप्प के माध्यम से भी ठगी के संबंध में जानकारी दी और सुरक्षा को लेकर मोबाइल पर अनजान व्यक्ति से ऐसी सूचनाएं साझा नहीं करने के संबंध में अधिक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध फोन कॉल की जानकारी तत्काल स्थानीय थाने में दें। थाना प्रभारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा के समय बरती जा सकने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी देकर गांव में विशेष रूप से मुनादी कर लोगों को जागरूक करने की बात कही। थाना प्रभारी अमित तिवारी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोटवारों की महती भूमिका होती है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी कोटवार लगातार स्थानीय पुलिस के संपर्क में रहें।

# स्वीप जुम्बा डांस में युवाओं ने किया मतदान शपथ और डांस

* खुशनुमा माहौल में सम्पन्न हुआ जुंबा डांस

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।





मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में सारंगढ़ के इंडोर स्टेडियम में स्वीप जुम्बा डांस का आयोजन किया गया। इस डांस में बड़ी संख्या में किशोर और युवा वर्ग के बालक बालिकाएं शामिल हुए। डांस के दौरान स्टेडियम का वातावरण खुशनुमा और उत्साह से भरा हुआ था।


कार्यक्रम का प्रारंभ मतदाता शपथ से किया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर द क्लासिक इंस्टीट्यूट द्वारा जुंबा डांस का मंच पर प्रदर्शन किया गया, जिनके अनुरूप प्रतिभागियों ने डांस किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम मोनिका वर्मा, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, आयुर्वेद अधिकारी पटेल, एसीईओ संजू पटेल, साथी तहसीलदारों के साथ कोमल और आयुष तिवारी, अधिकारी–कर्मचारी, इच्छुक युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल थे।

# खरसिया के पत्रकारों ने एसडीओपी निमिषा पांडेय के विरुद्ध एफआईआर को लेकर चौकी में दिया आवेदन

## एसडीओपी ने वरिष्ठ पत्रकार कैलाश गर्ग को व्हाट्सएप कॉल से दी थी धमकी

जोहार छत्तीसगढ़–खरसिया।





नगर के तमाम पत्रकारों ने एक आपातकालीन बैठक कर स्थानांतरित एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने चौकी पुलिस में आवेदन दिया है। दरअसल पिछले शनिवार को प्रेस क्लब यूनिटी के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पत्रकार कैलाश गर्ग के द्वारा स्थानांतरण के बावजूद अधिकारियों के ना जाने को लेकर समाचार प्रसारित किया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर एसडीओपी निमिषा पांडेय द्वारा व्हाट्सएप काल से रात 9: 51 पर धमकी दी गई थी। ऐसे में प्रेस के सभी साथियों की आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें एसडीओपी के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं एसपी कार्यालय रायगढ़, महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन,गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, उमेश पटेल कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सांसद गोमती साय रायगढ़, जिलाधीश रायगढ़, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर,पुलिस महा निरीक्षक रायगढ़, जनसंपर्क आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रेस क्लब अध्यक्ष रायगढ़ को एसडीओपी निमिषा पांडेय के ऊपर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने पत्रकार साथियो के द्वारा आवेदन भी दिया गया। वहीं नगर के समस्त पत्रकारों द्वारा 12 अगस्त को चौकी पुलिस में दिए गए लिखित आवेदन में कहा गया है कि यह कृत्य गंभीर अपराध है वहीं निवेदन किया गया है कि एसडीओपी निमिषा पांडेय के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कृपा करें। बताना लाजिमी होगा कि कैलाश गर्ग 40 वर्षों से लगातार पत्रकारिता करते आ रहे हैं वहीं उनकी उम्र 70 वर्ष हो चुकी है। एसडीओपी निमिषा पांडेय के धमकी भरे कॉल के बाद कैलाश गर्ग की मानसिक और शारीरिक स्थिति भी बिगड़ती चली जा रही है। उल्लेखनीय होगा कि किसी वरिष्ठ पत्रकार के साथ पुलिस अधिकारी द्वारा ऐसा बर्ताव किया गया है। तो सामान्य नागरिकों के साथ क्या गुजर रही होगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का फाइनल रिहर्सल

*** कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण * स्वतंत्रता दिवस पर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव जिला मुख्यालय में करेंगे ध्वजारोहण**

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सक्ती जिले के कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी के अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण आज कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा किया गया। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि बने विद्यालय के छात्र ने ध्वजारोहण किया। फाईनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों से परिचय, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। उल्लेखनीय है कि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे तथा ध्वजारोहण करेंगे। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कार्यक्रमों के रिहर्सल का अवलोकन करने के बाद संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के गरिमामय प्रस्तुति के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वीरेन्द्र कुमार लकड़ा सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती,इन पंक्तियों को चरितार्थ किया सक्ती के बेटे-दीपक

जोहार छत्तीसगढ़–सक्ती।




कहते हैं ना जब किसी कार्य को सिद्दत से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। इतना ही नहीं एक मशहूर कवि की लाइन है कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती सक्ती के बेटे दीपक ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है और नगर सहित पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। बात हो रही है वन रक्षक दीपक शर्मा की जो इस समय महासमुंद जिले में पदस्थ हैं उनके बेहतरीन काम के लिए उन्हें विश्व हाथी दिवस के अवसर पर ओडिशा में केंद्रीय मंत्री के हाथों सम्मानित किया गया है। सक्ती जैसे नवीन जिले का सर गर्व से ऊंचा करने वाले दीपक शर्मा स्व विनोद शर्मा के सुपुत्र और फ्रेंड्स जोन मेंस वियर के संचालक गौतम शर्मा के बड़े भाई हैं। विश्व हाथी दिवस 12 अगस्त के अवसर पर भुवनेश्वर ओड़िशा में देशव्यापी समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन भारत सरकार के मंत्री भूपेंद्र यादव एवं राज्य मंत्री अश्वनी कुमार चौबे तथा वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री उड़ीसा सरकार प्रदीप कुमार अमत द्वारा सामान्य वन मंडल महासमुंद में पदस्थ वनरक्षक दीपक शर्मा को गज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### मिला अवार्ड

छत्तीसगढ़ से इस वर्ष यह सम्मान प्राप्त करने वाले दीपक शर्मा अकेले वनरक्षक हैं। देशव्यापी अवार्ड में सक्ती नगर के पुत्र का नाम चयन होना नगर वासियों के लिए गर्व का विषय है महासमुंद के वन मंडल अधिकारी पंकज राजपूत ने बताया कि मानव हाथी द्वंद को रोकने के लिए महासमुंद वन मंडल में गज यात्रा प्रारंभ की गई है इसमें दीपक शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ ब्रज यात्रा के माध्यम से प्रतिदिन तीन चरणों में ग्रामीणों को हाथों से सुरक्षित रहने के उपायों को बताकर जागरूक किया जा रहा है। इससे पहले क्षेत्र में हाथी की दस्तक होते ही गांव सुना पड़ जाता था। लोक हाथी को भगाने तरह.तरह के उपाय करते थे आतिशबाजी मिर्ची मसाला जलाकर हाथियों को भगाया जाता था और अपनी जान जोखिम में डाल कर काम किया जाता था। इससे हाथी आक्रमक हो गए थे इससे ग्रामीण और हाथी हिंसा के शिकार हो रहे थे यह सब को देखते हुए गज यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

### गांव-गांव चौपाल लगाकर किया जागरूक

विगत दो वर्षों से वनरक्षक दीपक शर्मा ने टीम के साथ गांव–गांव जाकर चौपाल लगाकर प्रोजेक्ट में फिल्म दिखाकर एवं लोगों से चर्चा कर ग्रामीणों को हाथियों के व्यवहार एवं सुरक्षा के उपाय को समझाया दीपक शर्मा द्वारा घर यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी सामान्य भाषा एवं शैली में सुरक्षित गीतों और कहानियों के माध्यम से हाथियों के प्रति संवेदनशील बनाने का सफल प्रयास किया है जिससे हिंसा घटी है।

### मानव हाथी द्वंद रोकने रहूंगा हमेशा संकल्पित–दीपक शर्मा

जन घायल जनहानि की घटनाएं शून्य हुई हैं। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग भारत सरकार द्वारा क्षेत्र के सराहनीय कार्य के लिए दीपक शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर गजरौला अवार्ड से नवाजा गया है। दीपक शर्मा ने बताया कि गत गौरव पुरस्कार प्राप्त होने का पूरा श्रेय वन मंडल अधिकारी पंकज राजपूत को जाता है उनके मार्गदर्शन में गज यात्रा की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है एवं गज यात्रा सफ ल हो पाई है। दीपक शर्मा ने आगे कहा कि वनों एवं वन्य जीवों की रक्षा हेतु सदैव संकल्पित रहूंगा तथा हाथियों के संरक्षण संवर्धन एवं मानव हाथी द्वंद्व को रोकने अब और अधिक उत्साह के साथ कार्य करूंगा।

## एक नजर

### दिव्यांगो और बुजुर्गों का किया गया सम्मान सभी ने लिया सामूहिक मतदान शपथ

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुड़वाभांठा में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत दिव्यांगों और बुजुर्गों का सम्मान किया गया। प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत आज रहेंगे कोरबा जिले के प्रवास पर

* स्थानीय कार्यक्रम में होंगे सम्मिलित

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत 14 अगस्त को कोरबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रातः 11 बजे सक्ती से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर ग्राम कनकी में 1 बजे महंत का आगमन होगा। दोपहर 1:30 बजे वे कनकी से कोरबा के लिए प्रस्थान कर 2 बजे कोरबा पहुंचेंगे। 2 बजे से स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3:30 बजे कोरबा चिरमिरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बिलाईगढ़ में आज और 16 अगस्त को होगा प्लेसमेंट कैंप

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला प्रशासन द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में 14 और 16 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया गया है। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त 2023 तक होगा। भर्ती में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, दसवीं, बारहवीं अंकसूची की फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट फोटो लाना होगा। इस कैंप में 35 वर्ष तक के महिला पुरुष सभी भाग ले सकते हैं।

### स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नि:शुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा शिविर का आयोजन

छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा देंगे अपनी चिकित्सकीय सेवाएं

**कोरबा ।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांच तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद–योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन दिनाँक 15 अगस्त 2023 मंगलवार को पतंजलि चिकित्सालय महानदी कॉम्प्लेक्स दुकान क्रमांक 10 निहारिका रोड कोरबा में प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक किया गया है।

शिविर के विषय मे लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में छत्तीसगढ़ प्रांत के ख्यातिलब्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा अपनी चिकित्सकीय सेवाएं देंगे। जो कैंसर, मधुमेह, थायरायड, ब्लडप्रेशर, श्वास, टी.बी.एलकवा, साइटिका, गठियावात, पथरी, पीलिया,मस्तिष्कगत रोग माइग्रेन, डिप्रेशन, अनिद्रा, अम्लपित्त, गैस, दुर्बलता, बन्ध्यत्व स्त्री.पुरुष, श्वेत प्रदर, रक्त प्रदर, हृदय रोग, चर्मरोग, सोरायसिस, एक्जिमाए शीतपित्त आदि स्त्री, पुरुषों एवं बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों का त्रिविध प्रकार से स्वास्थ्य परीक्षण कर संबंधित रोग के नियंत्रण एवं उपचार हेतु परामर्श के साथ साथ उनके लिये उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण भी देंगे। साथ ही रोगियों को उनके लिये उपयोगी जीवनशैली के बारे में भी व्यक्तिगतरूप से परामर्श देने के साथ साथ उनके लिये लाभकारी दिनचर्या.ऋतुचर्या, आहार.विहार के विषय मे व्यक्तिगतरूप से विस्तार से परामर्श देंगे। शिविर में शिविरार्थियों को निशुल्क औषधि देने के साथ साथ मधुमेह रोगियों की रक्त शर्करा की जांच भी नि:शुल्क की जाएगी। शिविर में आये रोगियों को उपयोगी लाभकारी स्वास्थ्य पुस्तिका भी नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के अध्यक्ष लायन शिव जायसवाल ने अंचलवासियों से स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर आयोजित इस विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में पंजीयन कराने हेतु मो.नंबर 9826111738 पर संपर्क कर जांच हेतु निर्धारित समय प्राप्त किया जा सकता है जिससे शिविरार्थियों को असुविधा न हो ।

### एसईसीएल के श्रमिक संगठन के सदस्यता का होगा सत्यापन

**कोरबा ।** एसईसीएल में श्रमिकों का प्रतिनिधित्व कर रहे श्रमिक संगठन की सदस्यता का सत्यापन किया जाएगा। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर द्वारा चेक आफसिस्टम सदस्यता. 2023 आदेश जारी होते ही श्रमिक संगठन प्रतिनिधियों ने प्रचार–प्रसार शुरू कर दिया है। एक कर्मचारी को एक ही यूनियन की सदस्यता ले सकता है। कर्मचारियों से प्रबंधन प्रत्यक्ष रूप से चर्चा कर जानकारी लेगा।

चेक अप सिस्टम के तहत चार श्रमिक संगठन एचएमएस, बीएमएस, एटक एवं इंटक आते हैं। जबकि सीटू यूनियन स्वयं सदस्यता अभियान चलाती है। चारों श्रमिक संगठन द्वारा 31 मार्च 2023 तक कर्मचारियों के अधिकार पत्र के साथ अपनी सदस्यता सूची जमा की गयी थी। अब इस सूची में शामिल कर्मचारियों को प्रबंधन बुला कर उनकी मंशा लेगा, कर्मचारी जिस यूनियन का नाम बताएगा, उस यूनियन की सूची में शामिल किया जाएगा। कई बार एक कर्मचारी का नाम दो या तीन यूनियन की सूची में शामिल रहता है। इससे भ्रम की स्थिति निर्मित होती है। इस समस्या से निपटने ही प्रबंधन द्वारा सदस्यता सत्यापन कराया जा रहा है।

एसईसीएल गेवरा के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक द्वारा जारी आदेश के तहत सदस्यता सत्यापन. 2023 की तिथि व समय निर्धारित कर दिया गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in